# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–201 । सागर, शनिवार, 9 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

अपहृत 3 बालिकाओं को खोज कर परिजनों के सुपुर्द किया — पृष्ठ 2
- फटा पोस्टर, निकला मोदी!
- पानी को सहेजने की परम्परा — पृष्ठ 4
- अवैध हथियारों एवं कारतूस सहित गिरफ्त में आया युवक — पृष्ठ 6
मुझे विधायक, मंत्री आपने बनाया, इसलिए तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा : राजपूत — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### मणिपुर में फिर हिंसा में 2 की मौत

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पैलेल में फायरिंग की दो अलग-अलग घटनाओं में गत गुरुवार को दो लोगों की मौत हो गई। 45 अन्य घायल हो गए। इनमें से 4 को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि पैलेल में सुबह करीब 6 बजे अज्ञात पुरुषों के दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे तुरंत ककचिंग के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गोली लगने से घायल एक और व्यक्ति को इंफाल क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ले जाया गया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर है। गोलीबारी की घटना के बारे में सुनकर थौबल और काकचिन जिले से बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पैलेल पहुंची, लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक लिया। यहां भी दो समूहों के बीच गोलीबारी में 48 साल के व्यक्ति की मौत हो गई।

### मप्र, गुजरात सहित 3 राज्यों में भारी बारिश की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मानूसन ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में अगले तीन दिन भारी बारिश की संभावना जताई है। महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, धुले, जलगांव और नासिक जिलों में शुक्रवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में आईएमडी ने अगले दो दिन बारिश की संभावना जताई है, यहां भारत मंडपम में 9–10 सितम्बर को जी–20 समिट होनी है। इसके लिए मौसम विभाग ने प्रगति मैदान के पास एक अतिरिक्त ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन भी स्थापित किया है। इसके अलावा कर्नाटक, केरल और पूर्वी राज्यों त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर में भी बारिश की संभावना है। वहीं हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में निगुलसारी के पास लैंडस्लाइड हो गया। जिसके चलते नेशनल हाईवे 5 बंद कर दिया गया।

### मंत्री के सिर पर हल्दी पाउडर डाला

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल पर शुक्रवार को एक शख्स ने हल्दी पाउडर डाला। दरअसल, धनगर (चरवाह) समुदाय को दो लोग मंत्री के पास मराठा आरक्षण से जुड़ी मांगें लेकर पहुंचे थे। उन्होंने मंत्री को अपनी मांगों का पत्र सौंपा। राधाकृष्ण लैटर पढ़ने लगे, इसी दौरान एक शख्स ने जेब से हल्दी की पुडिया निकालकर मंत्री के सिर पर उड़ेल दी। शख्स की इस हरकत के बाद मौके पर मौजूद मंत्री के सहयोगियों ने जमीन पर गिराकर उसकी पिटाई की। यह घटना सोलापुर जिले के सरकारी रेस्ट हाउस में हुई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी वायरल हो रहा है। मंत्री पर हल्दी डालने वाले शख्स की पहचान शेखर बंगले के रूप में हुई है। मीडिया से बात करते हुए उसने कहा कि मैंने अपने समुदाय के मुद्दों पर सरकार का ध्यान खींचने के लिए ऐसा किया। मेरी सरकार से मांग है कि धनगर समुदाय की अनुसूचित जनजाति श्रेणी के तहत आरक्षण दिया जाए। अगर मेरी मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो मैं मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रियों पर भी काला रंग फेकूंगा।

### बीएसएफ एसडीजी ने नियंत्रण रेखा का किया दौरा

**श्रीनगर, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) बी खुरानिया ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के अग्रिम इलाकों और यहां पर तैनात सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ कश्मीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, एसडीजी खुरानिया ने बांदीपोरा में गुरेज सेक्टर के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और एलओसी पर तैनात सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। एसडीजी ने सैनिकों के साथ बातचीत की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना की।

### भारत में 46 नए कोविड मामले दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में शुक्रवार को बीते 24 घंटों के दौरान 46 नए कोविड मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे कुल मामलों की संख्या 4,49,97,583 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा अपडेट के अनुसार, 55 लोग महामारी से उबर चुके हैं, जिससे कुल ठीक होने वालों की संख्या 4,44,65,074 हो गई है। रिकवरी रेट 98.82 फीसदी है। मरने वालों की संख्या 5,32,024 है, जबकि सक्रिय मामले 485 हैं। मंत्रालय के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से ज्यादा डोज दी जा चुकी हैं।

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दुल्हन की तरह सजी दिल्ली, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन भारत पहुंचे, छोटे परमाणु रिएक्टरों पर समझौता संभव

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष आए





### जी-20 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित व समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। देश ऐतिहासिक भारत मंडपम में शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर उत्साहित है : मोदी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए विदेशी मेहमानों का आना जारी है। दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही सजावट ही देखते ही बन रही है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जी-20 समिट के लिए तीन दिन के दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंचें। वह दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरे। यहां केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने उन्हें रिसीव किया। बाइडेन इसके बाद भारत में अमेरिकी एम्बेसडर एरिक गार्सेटी और उनकी बेटी से भी मिले। अमेरिका के एनएसए जेक सुलिवन ने बताया कि इस दौरान दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। इस दौरान छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों पर समझौता हो सकता है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच जीई जेट इंजन डील पर भी बात आगे बढ़ सकती है।

वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा व फ्रांस के राष्ट्रपति भी दिल्ली पहुंच गए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दोपहर करीब 2.15 बजे दिल्ली पहुंचे।केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने उनका स्वागत किया। ऋषि सुनक ने कहा कि जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा। अश्विनी कुमार चौबे ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का शुक्रवार को पालम हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए रुद्राक्ष, श्रीमद्भागवत गीता और हनुमान चालीसा भेंट की। चौबे ने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहां पहुंचे सुनक का हवाई अड्डे पर 'जय सियाराम' से अभिवादन किया। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी अपनी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनिपिंग समिट में शामिल होने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं। पुतिन की जगह उनके विदेश मंत्री ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### शेख हसीना ने की मोदी से मुलाकात



जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंची बंगालदेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की। हसीना ने दिल्ली पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री आवास में मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर वार्ता की। समझा जाता है कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने जी-20 के एजेंडे पर भी चर्चा की। इससे पहले जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने पहंची हसीना का यहां इंदिरा गांधी हवाई अड्डा पहुंचने पर रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश ने स्वागत किया। बंगलादेश जी-20 का सदस्य नहीं है लेकिन भारत ने उसे विशेष अतिथि के रूप में सम्मेलन में आमंत्रित किया है।

### *उद्योगपतियों को जी-20 रात्रि भोज में आमंत्रित नहीं किया गया*

*सरकार ने इन खबरों का खंडन किया है कि देश के जाने माने उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि विदेशी समाचार एजेन्सी रॉयटर ने एक लेख में दावा किया है कि प्रमुख उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह दावा भ्रामक है क्योंकि किसी भी उद्योगपति को विशेष रात्रि भोज के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।*

ब्रसेल्स में बोले राहुल गांधी

# भारत में गांधी-गोडसे विजन की लड़ाई



### देश का नाम बदलना चाहते हैं मोदी

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। शुक्रवार को ब्रसेल्स के प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में इस वक्त महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विजन के बीच लड़ाई है। लोकतंत्र और संस्थान पर हमला हुआ है। हिंसा-भेदभाव बढ़ा है। अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी और निचली जातियां पर हमला किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन से सरकार घबराई इसलिए देश का नाम बदलना चाहती है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया अलायंस को लेकर सरकार घबराई हुई है। हम भारत की आवाज हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री डरे हुए हैं इसीलिए वो देश का नाम बदलना चाहते हैं। यह पूरा मुद्दा अडाणी पर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हुआ, जिससे देश का ध्यान भटकाया जा सके। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। उन्होंने ब्रसेल्स में यूरोपीय यूनियन के सांसदों से मुलाकात की। राहुल की इन सांसदों से मुलाकात को एल्विना एल्मेत्सा ने होस्ट किया। उनके साथ पियरे लारोतुरो भी थे। राहुल का इस साल का तीसरा विदेश दौरा है। इससे पहले वे मार्च में ब्रिटेन और जून में अमेरिका दौरे पर गए थे। राहुल का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है जब देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट हो रही है। वो समिट खत्म होने के बाद भारत लौटेंगे। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राहुल इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे। बीते 9 साल में राहुल की ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### चीन के खिलाफ वैकल्पिक मॉडल बनाने की जरूरत

कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका, यूरोप और भारत को चीन के उत्पादन मॉडल के लिए एक वैकल्पिक व प्रतिस्पर्धी मॉडल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चीन ग्रह का एक विशेष दृष्टिकोण पेश कर रहा है। वह बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के विचार को मेज पर रख रहा है। ऐसा करने की वजहों में एक यह है कि वह वैश्विक उत्पादन का केंद्र बन गया है। 2013 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा शुरू की गई बीआरआई पहल पुराने सिल्क रोड व्यापार मार्ग के पुनर्निर्माण के जरिए चीन को यूरोप और उससे आगे जोड़ने की कल्पना करती है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारी तरफ से कोई वैकल्पिक दृष्टिकोण आ रहा है। उसके लिए एक लोकतांत्रिक माहौल में उत्पादन के लिए एक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। चीन ने मूल रूप से यह दिखाया है कि एक जबरदस्ती के माहौल में प्रभावी ढंग से उत्पादन करना संभव है, जहां आप लोगों को आजादी नहीं देते हैं, जहां आप उनकी स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करते हैं लेकिन आप उन्हें राजनीतिक आजादी के बिना समृद्धि प्रदान करते हैं।

# इरा बापना के नवाचारों ने कॉलेज की तस्वीर बदल दी...

इंदौर के एक निजी महाविद्यालय में निदेशक के रूप कार्यरत डॉ. इरा बापना व्यावसाय को रचनात्मक दृष्टि से देखती हैं और नए-नए प्रयोग करती रहती हैं। यही वजह है कि जिस संस्थान में उन्होंने किसी समय लेक्चरर के तौर पर कदम रखा था, आज वहां के प्रबंधन का एक ज़रूरी हिस्सा बनकर वे बड़े-बड़े फ़ैसले ले रही हैं। प्रस्तुत है **'स्वयंसिद्धा डॉट कॉम'** की संपादक **सारिका ठाकुर** की डॉ. इरा बापना से हुई अनौपचारिक चर्चा के कुछ अंश -



- ***बचपन में पढ़ाई-लिखाई का माहौल कैसा मिला?***

उज्जैन में हमारा चार कमरों का घर हुआ करता था, पिताजी प्रोफ़ेसर थे इसलिए पढ़ाई-लिखाई को लेकर सजग रहते थे। उन्होंने ही अपने छोटे भाई-बहनों को भी पढ़ाया लिखाया। इसलिए हमारे घर में पढ़ने वाले चाचा, बुआ और मामा का जमावड़ा रहता थी। पैसों की तंगी रहती थी लेकिन एक अनुशासित वातावरण रहता था।

- ***लड़कियों की परवरिश को लेकर आपके माता-पिता के क्या धारणा थी?***

मैं समझ रही हूँ आप क्या पूछ रही हैं लेकिन मेरे माता-पिता ही नहीं दादा भी 'प्रोग्रेसिव' सोच के रहे हैं। शादी के बाद मेरे दादाजी ने मेरी माँ को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और ग्रेजुएशन करवाया। मेरे पिताजी तो बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देते थे। उनका मानना था कि बच्चों को निडर होना चाहिए और किसी भी मुश्किल घड़ी में खुद फ़ैसला लेने की समझ होनी चाहिए। आपको यकीन नहीं होगा, मैं छठवीं में थी और मेरे पिता ने मुझे अकेले मेरे मामा के घर भेज दिया था।

- ***आपने अपने करियर का चुनाव किस तरह किया, क्या आप शुरू से वही बनना चाहती थीं जो आप हैं?***

मैं तो डॉक्टर बनना चाहती थी, दिन रात मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिली, परिणाम आने से पहले कुछ लोगों ने रिश्वत की मांग करते हुए कहा था कि वे नामांकन करवा देंगे लेकिन हमें यह मंजूर नहीं था। लेकिन इसके बाद काफी हताश हो गयी। लेकिन फिर मैंने जीव विज्ञान छोड़ बीकॉम में एडमिशन ले लिया। लेकिन ये सच है कि जो हूँ उससे बहुत खुश हूँ। दरअसल एक के बाद एक रास्ता बनता गया, नई चुनौतियां मिलीं जिसका सामना किया और आगे बढ़ती रही।

- ***अपने कुछ प्रयोगों के बारे में बताएं जो आपके करियर में महत्वपूर्ण रहे हों?***

देखिये, जब आप किसी क्षेत्र में प्रबंधन से जुड़ जाते हैं तो उस संस्थान की सफलता आपकी अपनी सफलता से जुड़ जाती है। हम सिर्फ दस से पांच बजे की नौकरी करते हुए अपने कर्तव्यों की इति नहीं कर सकते। एक दौर था जब देश भर में बिजनेस मैनेजमेंट वाले संस्थानों की साख गिरने लगी थी। नए नामांकन नहीं हो रहे थे। ऐसे में हमें कुछ तो करना था। तो मैंने 'तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) पाठ्क्रम' और कार्यशाला का विचार दिया। काफ़ी चर्चा के बाद इस विचार को मंजूरी मिल गई। हम अपने महाविद्यालय में नि:शुल्क व्यक्तित्व निर्माण, डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा देने लगे।





देश के दिल मध्यप्रदेश में अनगिनत ऐसी स्त्रियाँ हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष, परिश्रम और प्रतिभा के बल पर एक ख़ास मुकाम हासिल किया है। इस साप्ताहिक श्रंखला में आप प्रदेश की उन महिलाओं से परिचित हो सकेंगे, जिनके बारे में आपने पहले शायद कभी सुना या पढ़ा नहीं होगा।

मेरा मानना है कि सिर्फ़ सुझाव देने से कुछ नहीं होता उसे हक़ीक़त के बदलने के लिए भी मेहनत करनी होती है। मैंने मप्र के छोटे-छोटे शहरों के स्कूलों का खुद दौरा किया, उनके साथ कार्यशालाओं का आयोजन किया। एक दिन में तीन तीन वर्कशॉप करती थी। इस मेहनत का नतीजा भी अच्छा मिला। इस नए विचार ने अभिभावकों और छात्रों का भरोसा जीता और महाविद्यालय की प्रतिष्ठा भी बढ़ी।

इतनी बढ़ी कि संस्थान का नाम आपने ग्लोबल बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवा दिया ....

नहीं, सिर्फ मैं नहीं, वह सामूहिक प्रयास था। विचार मेरे जरुर थे लेकिन सभी ने कड़ी मेहनत की।



- ***किस तरह हो पाया वह सब?***

दरअसल इंदौर स्वच्छता के मानकों पर पिछले कई सालों से पूरे देश में अव्वल रहते आया है। एक बार पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाने की मुहीम छिड़ी। मैंने प्रदेश के अलग-अलग स्कूलों और महाविद्यालयों में जाकर बच्चों को कागज की थैली बनाने के लिए उत्प्रेरित किया। हमारा लक्ष्य कम से कम एक लाख पचपन हजार थैलियां बनावाने का था। लेकिन मेरे साथ काम करने वाले इस लक्ष्य को असंभव मान रहे थे। उनके मुताबिक़ दस हज़ार थैलियाँ भी इकट्ठी हो जाएँ तो बहुत होगा। लेकिन जब प्रदेश भर से बनी हुई थैलियों की गाड़ियां आने लगीं तो सबकी आँखें फटी की फटी रह गयीं। हमारे लक्ष्य से भी ज़्यादा क़रीब पौने दो लाख, अलग अलग आकार प्रकार की थैलियाँ इकट्ठा हो गयीं।

अब सबसे बड़ी चुनौती थी उन्हें छांटना। इसके लिए अपने कॉलेज के विद्यार्थियों से सहयोग लिया और पंद्रह दिन में यह काम पूरा हो गया। अब उन्हें सभी दुकानदारों में वितरित करना था। इस काम के लिए हमने पहले एक अभ्यास किया ताकि यह पता चल सके कि कितने समय में यह काम हो पाएगा। फिर मैं और महापौर मालिनी गौड़ जी, ग्लोबल बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि को लेकर इंदौर के दुकानों में थैलियाँ बांटने निकलीं। यह काम तीन घंटे में पूरा हो गया।

- ***2018 में संस्थान की ओर से मैराथन आयोजित करने का विचार भी आप ही का था?***

जी, यह एक जोखिम भरा आयोजन था जिसमें दुर्घटना की संभावना थी। अगर ऐसा होता तो उससे कॉलेज की छवि खराब होती इसलिए भारी पैमाने पर हर तरह की व्यवस्था के बाद यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दरअसल मुझे लगता है इस तरह के आयोजनों से लोगों से संवाद स्थापित होता है और भरोसे की भावना बढ़ती है।

**कॉपीराइट : www.swayamsiddhaa.com**

# श्रीकृष्ण लोक बनेगा, सम्मेलन में मंत्री भूपेंद्र सिंह ने की घोषणा



## 2 करोड़ लागत से यादव समाज के भवन का हुआ भूमिपूजन

**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर यहां 2 करोड़ की लागत से यादव समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया और यादव समाज के सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री श्री सिंह ने खुरई में भगवान श्रीकृष्ण लोक बनाने की घोषणा की। सेमरा लहरिया हत्याकांड के पीड़ित परिवार की बेटी राखी यादव को नगरपालिका खुरई में नौकरी देने का आदेश दिया, बांदरी व बरोदिया में यादव समाज के भवन बनाने 25-25 लाख रुपए, बांदरी में धर्मशाला बनाने 50 लाख, कारसदेव मंदिर आगासिर्स के लिए 5 लाख और नीलकंठेश्वर मंदिर के नवनिर्माण के कार्य स्वीकृत किए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नवीन बसस्टैंड के निकट यादव समाज के भवन को जो भूमि आवंटित कराई है उसकी कीमत भी लगभग 3 करोड़ रुपए है। यहां सुंदर भवन बनेगा जिसमें नीचे हाल और ऊपर आवासीय परिसर बनाया जाएगा। यादव समाज से आग्रह किया कि इस भवन के आवासीय परिसर का उपयोग गांवों में रहने वाले हमारे पिछड़े यादव समाज की बेटियों की शिक्षा के लिए हो। समाज में जहर बोने वालों, समाज को बांटने वाले तत्वों को हतोत्साहित करें। विकास ही प्रगति का मार्ग है। मैंने सिर्फविकास की राजनीति की है कभी जाति और समाज की राजनीति नहीं की। जन्माष्टमी विश्व का सबसे बड़ा त्यौहार बन गया है। खुरई में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य लोक बनाया जाएगा। जिसमें उनकी लीलाओं, उपदेशों का चित्रण होगा ताकि आने वाली पीढ़ियां धर्म और संस्कृति से जुड़ी रहें। कार्यक्रम को बलराम यादव, देशराज यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों से आए यादव समाज के सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मंदिरो में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी, श्री कृष्ण जन्माष्टमी की उपलक्ष्य में निकाली बाइक रैली



**देवरीकलां, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र वा नगर सहित श्री कृष्ण के मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों का जमावड़ा देखा गया वही सुबह से ही हर घरों में पूजा अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर उत्साह पूर्वक श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। इस अवसर पर देवरी क्षेत्र में करीब 12 किलोमीटर की यात्रा करते हुए विशाल एवं भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें समस्त यादव समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं मुख्य अतिथि गौरी यादव, वरिष्ठ अतिथि महाराज मिर्गानाथ, वरिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार यादव, वरिष्ठ अतिथि हर्ष यादव विधायक एवं सामाजिक संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हुए, राष्ट्रीय यादव शक्ति संगठन द्वारा वाहन रैली एवं चल समारोह क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां चौसठ योगिनी माता मंदिर के दरबार से शुरू की गई जो महाराजपुर नगर भ्रमण करते हुए देवरी नगर मे पहुंची जहां बाइक रैली देवरी नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए विवेकानंद चौराहे से होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची। जहां यादव समाज का सम्मेलन संपन्न हुआ। जहां सामाजिक एकता पर वक्ताओं ने जोर देते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आवाहन किया। देवरी नगर में प्रवेश करते ही क्षेत्रीय विधायक हर्ष यादव ने अपने कार्यालय के सामने बाइक पर सवार सभी धर्म प्रेमी बंधुओं का रोरी गुलाल लगाकर स्वागत किया वहीं इसके अलावा नगर पालिका चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस के द्वारा रैली पर फूल वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया, बस स्टैंड पर भाजपा किसान जिला महामंत्री संदीप जैन एवं कुशवाहा समाज द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के सामाजिक लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## सार-समाचार

### जगत के पालनहार को लगाए छप्पन भोग



**राहतगढ़, देशबन्धु।** नगर एवं क्षेत्र श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नगर के श्यामलिया सरकार मंदिर, बिहारी जी सरकार, राघव जी मंदिर, बनेनीघाट, टेकरीधाम सहित राधा कृष्ण मंदिरों में भजन कीर्तन किए गए। जैसे ही रात्रि के 12 बजे और मंदिर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा वही श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कपूर निवास पर कृष्ण कन्हैया का दरबार सजा एवं 56 भोग लगाया गया। भगवान की झांकी में छप्पन भोग देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए छप्पन भोग का आयोजन मनोज कपूर के द्वारा किया गया।

### मातृशक्ति को परमपिता परमात्मा शिव का परिचय दिया



**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवाकेंद्र में बीके नीलम बहन ने मातृशक्ति को परमपिता परमात्मा शिव का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि शरीर और आत्मा का सत्य परिचय देते हुए कहा कि मैं कौन हूं। ये मैं कहना वाला कौन हैं। शरीर या आत्मा। फिर आत्मा की तीन सूक्ष्म शक्तियां होती हैं, जिस प्रकार शरीर की आवश्यकता की पूर्ति पांच तत्वों के माध्यम से होती हैं, उसी प्रकार आत्मा अपने सात गुणों आनन्द, ज्ञान, शांति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति का अनुभव तीन शक्तियों के माध्यम से करती हैं। मां के अंदर जो शक्ति होती हैं, जो सिद्धि होती हैं, वह कहा से और कैसे आती हैं, कैसे जागृत होती हैं। वो शक्तियां हमें परम पिता परमात्मा से प्राप्त होती हैं। परमात्मा इस धरा पर आकर राजयोग सिखला रहे हैं जिससे अष्ट शक्तियां प्राप्त होती हैं। इस दौरान महिलाओं ने हरिनाम संकीर्तन किया। इस मौके पर बीके आरती बहन, अभिलाषा बहन और नगर की बहनें माताएं उपस्थित रही।

### जयकुमारी नामदेव और शंकर पाटकार के निधन पर श्रद्धांजलि दी



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर सेवाएं दे रहे राकेश नामदेव की मां रानी लक्ष्मीबाई वार्ड निवासी जयकुमारी नामदेव के निधन पर स्वास्थ्य विभाग में शोक व्यक्त करते हुए श्रृद्धांजलि दी, इसके अलावा नेहरू वार्ड निवासी अनिल पाटकर के चाचा शंकर पाटकार का निधन हो गया, दोनों शोक संतप्त परिवार को इस गहन दु:ख सहन करने सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की मंगल शांति की कामना करते हुए बंडा विधायक तरवर सिंह, भाजपा नेता कुंवर रंजोर सिंह, गुलाब चंद गोलन, बीएमओ डॉ. अमित आनंद असाटी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# अपहृत 3 बालिकाओ को खोज कर परिजनो के सुपुर्द किया

**सागर, देशबन्धु।** आरोपी रवि अहिरवार पिता किशन अहिरवार उम्र 29 साल निवासी ग्राम भैसा थाना केंट जिला सागर अपराध क्र. 214/2023 में आरोपी अपहृता 15 साल की नाबालिग लड़की, अप.क्र. 205/2023 अपहृता 17 साल की नाबालिग लड़की, अप. क्र. 214/2023 अपहृता 15 साल की नाबालिग लड़की, 13 जुलाई 2023 को फरियादी नीलेश पिता धनुर्धर दुबे उम्र 41 साल निवासी गनेशघाट पुरव्याऊ टौरी थाना कोतवाली जिला सागर ने रिपोर्ट पर अप. क्र.205/2023 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। 22 जुलाई को फरियादिया निशा सेन पति राकेश सेन उम्र 38 साल निवासी गौरीशंकर मंदिर के सामने जवाहरगंज वार्ड थाना कोतवाली जिला सागर की रिपोर्ट पर 214/2023 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया एवं 28 अगस्त को फरियादी संदीप सोनी पिता द्वारिका प्रसाद सोनी उम्र 46 साल निवासी बरियाघाट वार्ड थाना कोतवाली जिला सागर की रिपोर्ट पर अप. क्र. 265/2023 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर थाना कोतवाली के अप. क्र. 205/2023 धारा 363 भादवि में अपहृता बालिका उम्र 15 साल को 15 जुलाई 2023 को थाना मुगावली जिला अशोकनगर से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया एवं थाना कोतवाली के अप. क्र. 214/2023 में अहित बालिका उम्र करीब 17 साल को 29 अगस्त 2023 को पटेल नगर भोपाल से दस्तयाब किया जाकर परिजनों के सुपुर्द किया एवं आरोपी रवि अहिरवार पिता किशन अहिरवार उम्र 29 साल निवासी ग्राम भैसा थाना केंट को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना कोतवाली के अप. क्र. 265/2023 में अपहिता बालिका उम्र करीब 14 साल को 29 अगस्त 2023 को थाना खुरई जिला सागर के दस्तयाब किया जाकर अपहृत बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया। निरी. नवीन कुमार जैन थाना प्रभारी कोतवाली, धर्मेन्द्र गुर्जर, इमरत सिंह, ज्योति किरण, बृजेन्द्र कुमार, शशि, रेखा, दीपक यादव एवं सौरभ रैकवार सायबर सेल का योगदान रहा।

# अपहृत नाबालिग लड़के को जबलपुर से खोज कर माता-पिता के सुपुर्द किया



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा समस्त थाना प्रभारी को गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाबी को गंभीरता से लेते हुये निर्देशित किया गया है एवं गुम बालक बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान अभियान के दौरान अधिक से अधिक गुम बालक बालिकाओं की खोज कर उनको परिजनों को सुपुर्द किया जावे इसी तारतम्य में थाना देवरी द्वारा अपराध क्र. 412/23 धारा 363 ताहि. में गुम बालक परिवर्तित नाम राजू 16 वर्ष निवासी ग्राम धुलतरा थाना देवरी को दस्तयाब करने हेतु मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शशिकांत शरयाम अनुविभाग देवरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवरी रोहित डोंगरे द्वारा टीम बनाकर जबलपुर भेजी गई जहां से नाबालिग बालक को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों के द्वारा खुश होकर पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया एवं खुशी-खशी बालक को साथ में लेकर घर वापिस गये। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रोहित डोगरे, महेश दुबे, महेन्द्र तिवारी का योगदान रहा।

वहीं थाना बेहरोल द्वारा अपराध क्र. 103/23 धारा 363 ताहि. में गुम बालिका 15 वर्ष 8 माह निवासी ग्राम जगदीश बम्होरी, थाना बेहरोल को दस्तयाब करने हेतु कायमी दिनांक से ही समस्त तरह के प्रयास किए गए। मुखबिर से कुछ सूचनाये प्राप्त हुई सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा सोनी अनुविभाग बंडा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेहरोल अनुपमा शर्मा द्वारा टीम बनाकर गुजरात भेजी गई जहां से नाबालिग को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों के द्वारा खुश होकर पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया एवं खुशी-खशी बालिका को साथ में लेकर घर वापिस गये। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेहरोल अनुपमा शर्मा, आनंद राय, जयपाल, देव राज इंद्र सोनी, प्राची त्रिपाठी का विशेष रहा।

# यादव महासभा ने भगवान कृष्ण की शोभायात्रा निकाली



**राहतगढ़, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन शुक्रवार को यादव महासभा राहतगढ़ द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्युत मंडल कार्यालय स्थित कारस देव बब्बा मंदिर में समाज के लोगों ने हवन पूजन किया। उसके उपरांत नगर के प्रमुख मार्गो से गाजेबाजे, अखाड़ों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई। राधाकृष्ण के स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। नगर के लोगों ने भगवान कृष्ण की आरती उतारी एवं शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में समाज सहित सभी वर्गो के क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# भोपाल में कर्मचारियों का महाकुंभ सरकार को जगाने के लिए होगा आंदोलन



**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश की राजधानी भोपाल में मप्र के समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर रविवार को अपने आंदोलन तृतीय चरण में प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन होगा, संयुक्त मोर्चा ने अपनी 39 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिले के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ अपने दो चरण आंदोलन में शासन से अपनी मांगों को पूरा करने की बात की है परंतु अभी तक अनुकूल जवाब न मिलने के कारण अब तृतीय चरण में 10 सितंबर को भोपाल पहुंचकर सरकार को नींद से जगाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मोर्चा के जिला अध्यक्ष चुरामन रैकवार एवं जिला संयोजक आलोक गुप्ता द्वारा जारी संयुक्त बयान में बताया गया कि मोर्चे के द्वारा सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से पुरजोर आह्वान किया गया है कि अपनी हक की लड़ाई के लिए अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं।

# प्राचीन टेड़िया सरकार हनुमान मंदिर में चोरी



**सागर, देशबन्धु।** गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में जन्माष्टमी की देर रात बदमाशों ने सागर-दमोह रोड पर स्थित प्राचीन टेडिया सरकार हनुमान मंदिर में सेंध लगाई। चोर मंदिर का चेनल गेट काटकर दानपेटी से नकद राशि लेकर भागे हैं। वारदात सामने आते ही मंदिर के पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। वारदात के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जो चेहरे पर नकाब और हाथों में ग्लव्स पहने हुए नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में सागर-दमोह रोड पर प्राचीन टेडिया सरकार हनुमान मंदिर है। मंदिर में रोजाना की तरह पुजारी पूजन करने के बाद ताला लगाकर घर गए थे। सुबह श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो चेनल गेट खुला मिला। गेट कटा हुआ था। वहीं दानपेटी बाहर पड़ी थी। वारदात की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एफएसएल टीम को सागर से बुलाया गया। एफएसएल टीम ने वारदातस्थल से आरोपियों से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। जांच के दौरान मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पुलिस ने खंगाले। कैमरे में चोर कैद हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में चोर मंदिर का चेनल गेट काटते हुए दिख रहा है। उसने चेहरे को कपड़े से ढक रखा है। साथ ही हाथों में ग्लव्स पहने नजर आ रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। रहली एसडीओपी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि हनुमान मंदिर का चेनल गेट काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। चोर सीसीटीवी कैमरे में नजर आया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं वारदातस्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## केन्द्रीय जेल में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**सागर, देशबन्धु।** केन्द्रीय जेल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरूण कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनीष भटट् उपस्थित हुये। जेल के अंदर निरूद्ध बंदियो एवं महिला बंदियो द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर प्रस्तुतियां दी गई। महिला बंदियों द्वारा कार्यक्रम में श्रीकृष्ण श्री राधे महारास का प्रदर्शन नृत्य प्रदर्शित कर किया। राजेन्द्र ठाकुर, प्रहरी एवं बंदियों द्वारा हे कथा संग्राम की गीत पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरूण कुमार सिंह के मुखारबिन्द से श्रीमद् भगवत गीता व्याख्या एवं संदेश जेल के अंदर निरूद्ध बंदियो को सरल शब्दो में यदि मनुष्य कर्म करते हुये भक्ति रस का पान करता है तो ईश्वर से तादार्थ स्थापित कर तर जाता है समझाया गया, जिससे जेल का वातावरण भक्तिमय हो गया।

# आरएलएम स्कूल खुरई में शिक्षक दिवस एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**खुरई, देशबन्धु।** भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर परख नायक ने डॉ. राधाकृष्णन को पुष्पांजलि समर्पित करते हुए उपस्थित समस्त शिक्षकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान परिवेश में समाज में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा अच्छी शिक्षा जीवन में बहुत से उद्देश्यों को प्रदान करती है जैसे व्यक्तिगत उन्नति से लेकर सामाजिक स्तर, सामाजिक स्वास्थ्य, आर्थिक प्रगति एवं राष्ट्र की सफलता, जीवन में लक्ष्यों को निर्धारित करना तथा पर्यावरणीय समस्याओं को सुलझाने के साथ-साथ अन्य सामाजिक मुद्दों पर विचार करने, उनका अनुपालन करने का उद्देश्य हमें बेहतर शिक्षा से ही प्राप्त होता है। उन्होंने उपस्थित समस्त शिक्षकों को सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ तथा उपहार प्रदान किये। विद्यालय के विद्यार्थियों ने भूपेन्द्र सिंह के साथ खुरई विधानसभा का विकास विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें खुरई को आदर्श नगर के रूप में स्थापित करने में भूपेन्द्र सिंह के योगदान को दर्शाते हुए तथा खुरई क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को चित्रकारी तथा अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त करते हुए निबंध रचना की। आरएलएम स्कूल प्राचार्य ने सभी का आभार मानते हुए कहा कि किताबी शिक्षा के साथ-साथ समाजिक शिक्षा भी अत्यंत जरूरी है। मंत्री द्वारा आयोजित इस निबंध प्रतियोगिता से हमारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम सार्थक रूप से आयोजित हो सका।

# सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बरोदिया कलां, देशबन्धु।** नगर बरोदिया कलां के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर कृष्ण रूप सज्जा एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यालय के नन्हें-मुन्हे भैया बहनों को बड़े ही मनमोहक छवि में कृष्ण एवं राधा के रूप में सजाया गया था। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में नगर परिषद सीएमओ प्रभुशंकर खरे, एल्डरमैन निरंजन सिंह ठाकुर, पत्रकार मनोज तिवारी एवं गजाजन दुबे शामिल हुए। श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम आराध्या, द्वितीय ओम एवं तृतीय स्थान पर माहिरा खान रही। श्रीकृष्ण एवं राधा रूप में सजाए गए नन्हें मुन्हे बच्चों को अतिथियों ने तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर सभी का अभिनंदन किया। विद्यालय में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी छात्र छात्राओं ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भरपूर आनन्द उठाया। सरस्वती शिशु मंदिर का स्कूली स्टाफ हमेशा ही बच्चों को संस्कारित करने में अपनी अहम भूमिक निभाते आ रहे है। संस्था के प्राचार्य बंधन सिंह लोधी द्वारा प्रत्येक वर्ष हर त्योहारों पर आकर्षक एवं प्रभावशाली प्रतियोगिताओं का आयोजन करते है ताकि नन्हें मुन्हे बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और संस्कारों के बीज का अंकुरण हो सके। कार्यक्रम में संस्था के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## नेशनल लोक अदालत आज

**सागर, देशबन्धु।** आज नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्ये क छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एक मुश्त भुगतान करना होगा।

# कलेक्टर, जिला दण्डाधिकारी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत किया आदेश जारी

**सागर, देशबन्धु।** नगर दण्डाधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक आर्य द्वारा जिला न्यायालय परिसर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के आवास के पास, पुराने कलेक्ट्रेट भवन, नये कलेक्ट्रेट भवन परिसर के आसपास विभिन्न राजनैतिक दलों, स्थानीय संगठनो तथा नगर के वार्डो से जुलूस निकालकर हड़ताल धरना व सामूहिक रूप से ज्ञापन देना एवं अपनी मांगों के समर्थन में जनसमूह का जमाव रहने के कारण न्यायालयों एवं कार्यालयों का कार्य प्रभावित होता है।

उक्त स्थिति को एवं जन सामान्य की सुविधा को देखते हुए न्यायालय परिसर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर के आवास के पास पुराने कलेक्ट्रेट भवन, नये कलेक्ट्रेट भवन परिसर से 100 मीटर तक क्षेत्राधिकार में शांति एवं कानून व्यवस्था के आशय से अग्नि एवं प्राणघातक हथियारों को लेकर चलने, किसी भी वर्ग द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करना, जुलूस निकालना सामूहिक रूप से ज्ञापन प्रस्तुत करना, टेन्ट सामयाना लगाना, व्यक्ति समूह एवं आम सभाओं पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। उक्त के रोकथाम हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 7 नबम्बर तक की अवधि के लिये प्रभावशील रहेगा।

# भाजपा सरकार पूरी तरह जनता के लिए समर्पित है: लारिया

## भगवान लवकुश मंदिर और धर्मशाला का निर्माण होगा



**मकरोनिया, देशबन्धु।** केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह जनता के लिए समर्पित है। हमारी सरकारों की जनहितैषी योजनाओं का लाभ आप सबको मिले इसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत रहता हूं। मैंने अपने तीनों कार्यकाल में हमेशा सिर्फ विकास और विकास करने का काम किया है एक सेवक के रूप में आपका आशीर्वाद मुझे तीन बार मिला, और मैंने भी विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी यह बात विधायक प्रदीप लारिया ने रानी दुर्गावती वार्ड सेमराबाग में कायाकल्प अभियान अंतर्गत 25 लाख रूपये की लागत से सड़क निर्माण के भूमिपूजन अवसर पर कही। सड़क के साथ-साथ अन्य स्थानों पर बीटी रोड़ निर्माण कार्य भी होगा। यहां उन्होंने मकरोनिया नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार के साथ रजाखेड़ी तिराहे से सेमरा बाग तक निर्मित होने वाले सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। श्री लारिया ने कहा कि मैं इस वार्ड के रहवासियों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने यहां महंगी जमीन होने के बाद भी सड़क निर्माण के लिए थोड़ी-थोड़ी जमीन छोड़ी और दिल बड़ा किया जब दिल बड़ा होता है तो काम भी बड़ा होता है। सेमराबाग में भगवान लवकुश का मंदिर भी बनाया जाएगा। जिसमें 5 लाख से मंदिर निर्माण और 5 लाख से धर्मशाला का निर्माण होगा। नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में मकरोनिया एक शहर के रूप में डेवलप हुआ है मकरोनिया नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित है। लोक निर्माण सभापति बलवंत सिंह ने कहा कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र से हमें ऐसे विधायक मिले है, जो जनता के विधायक बड़े लोगों के खिलौना नहीं बने। यह सड़क बन जाने से रजाखेड़ी और सेमराबाग की सूरत बदलेगी। कार्यक्रम में पार्षद सहित भाजपा पदाधिकारी, वार्ड के नागरिक सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### दुकानदार रुपया लेकर घर से गायब हो गया

**बड़ा मलहरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र बड़ा मलहरा परिसर के सामने वार्ड नंबर 15 दलित मोहल्ला में फर्नीचर की दुकान मलिक अनिल 35 वर्ष पिता नाथूराम अहिरवार माताराम बाई अहिरवार अपनी मां से रुपए ले गया यह घटना 6 सितंबर दोपहर की बतलाई गई है दुकान खुली छोड़कर वह लौटकर नहीं आया इसकी वजह से सामने थाने में आकर उसकी पत्नी मनोरमा अहिरवार 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करवाई पुलिस ने अभी गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज की है गुमशुदा अनिल अहिरवार के भाई राहुल ने बतायाबिना कुछ बताएं घर से चला गया है अब हमने सभी रिश्तेदारियों में पता लगाया मगर तलाशनेपर भी वह नहीं मिला मजबूर होकर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है अनिल अहिरवार के तीन बच्चे हैं पत्नी भी है मगर उसके भगाने का कारण अभी समझ में नहीं आ रहा है अत: पुलिस तलासने में जुट गई है।

### छात्र की मारपीट अस्पताल में भर्ती

**बड़ा मलहरा, देशबन्धु।** बड़ा मलहरा से 7 किलोमीटर दूर ग्राम महाराजगंज में आज दोपहर प्राथमिक शाला में शैलेंद्र पिता कन्हैया लाल साहू उम्र 12 वर्ष निवासी महाराजगंज कक्षा सातवीं में गणित के क्लास में बैठा था। तभी वहां के शिक्षक गणित के शिक्षक आए प्रश्न पूछे। प्रश्न का उत्तर सही न देने पर वहां पर पड़ी लाठी से शैलेंद्र की मारपीट कर दी जिसकी वजह से वह घायल हो गया तत्काल वह स्कूल से भाग का घर गया और सारी जानकारी दी कन्हैया लाल साहू ने तुरंत बड़ा मलहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया।

### जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचे विकास रथ



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले में म.प्र. सरकार की विभिन्न उपलब्धियों, योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने के लिए विकास रथ ग्रामों में भ्रमण कर रह प्रचार प्रसार कर रहें है। शुक्रवार को जिले के ग्राम बछरौनियां, कदवां, बसाटा, पड़रिया, नहदौरा, बिला, घुंचू कुरेला, मातगुवां, छापर, बंदरगढ़ सहित राजनगर एवं गौरिहार में विकास रथ पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उत्साहित होकर रथ में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं के बारे में समझा।

### गलियों में निकले ग्वाले ,फोड़ी मटकी



**नौगांव, देशबन्धु।** शुक्रवार जन्माष्टमी के दूसरे दिन नगर में जलूस निकालने के बाद जगह जगह हांडी फोड़ प्रतियोगता हर बर्ष की भांति मनाई गयी शहर में कई जगह पर युवाओ की टोली बनाकर प्रतियोगता में भाग लिया ग्वालो की टोली द्वारा समूह बनाकर मटकी फोड़ने का प्रयास किया जाता रहा वही महिलाएं गोपियों के रूप में समूह में मटकी फोड़ने की कोशिश करने वालो के ऊपर पानी की बौछार करती दिखी वही भीड़ में उत्साहित पुरुष महिलाओ ने गोविंदा आला रे के गीत गाते हुए पूर्ण आनन्द लेते दिखे मटकी फोड़ने वाले युवाओं को अलग2 जगह पर इनामी राशि भी वितरित की जाती है जो भिन्न भिन्न प्रकार से होती है नगर में आज हर्षोउल्लास भरा माहौल रहा लोगो ने भरपूर आनंद लिया।

## अवैध शराब, कैश, ड्रग्स एवं हथियार मिलने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश

# चुनाव प्रभावित करने वालों पर होगी एनएसए एवं जिला बदर की कार्यवाही : कलेक्टर

- सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले नहीं बख्शे जाएंगे
- चेक पोस्टों पर 24 घंटे होगी निगरानी, बसों सहित सभी वाहनों की होगी जांच
- स्कूलों एवं पंचायतों में सीसीटीवी लगाने के निर्देश



**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत छतरपुर के सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों एवं वल्नेरेबिल मैपिंग और व्यय, अवैध शराब, ड्रग्स, हथियारों एवं निर्वाचन संबंधी अब तक की गई कार्यावाही सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल श्रीमती तपस्या परिहार, एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर, एसडीओपी सहित तहसीलदार एवं सहा. रिटर्निंग ऑफिसर तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची क्लीन रहे, जिनके नाम हटाना है, जोड़ना है एवं कुछ चेंज करना है तो फॉर्म 06, 07 एवं 08 भरने के कार्य अगले तीन दिवस में करलें। उन्होंने कहा 18-19 वर्ष, पीडब्ल्यूडी मतदाता एवं जेंडर रेशियों बढ़ाने के लिए एक भी महिला मतदाता वोटर लिस्ट से न छूटें। विशेष परीक्षण के बाद ही फॉर्म रिजेक्ट करें और डिस्पोज भी करें।

उन्होंने कहा संवेदनशील मतदान केन्द्रों में वेबकास्ट एवं सीसीटीवी कैमरे लगाएं और एक्टिव रखें। ईव्हीएम एवं वीवीपेड को लाने व ले जाने में किसी भी स्थिति में निजी वाहन का उपयोग न किया जाए और न ही किसी भी थाने में रखा जाए। उन्होंने कहा ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र पर उपयोग की जा रही वीवीपेड की स्लिप प्रतिदिन डिस्ट्राय की जाए और सभी पोलिंग पार्टी टीम को ईव्हीएम के बारे में क्रमानुसार टेर्ऩनंग भी दी जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कानून व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया कि हर नाके पर सीसीटीवी लगे हों और अवैध शराब, कैश, ऑनलाइन फण्ड ट्रांस्फर, ड्रग्स आदि पदार्थों की चेकिंग विशेष रूप से करें और तत्काल कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा एटीएम कैश वाहन एवं एम्बुलेंस गाड़ियों का ड्राइवर सहित वेरिफिकेशन कर लें, जिससे इन वाहनों का गलत उपयोग न हो। साथ ही अन्य वाहनों के अलावा बसों एवं ट्रकों की भी जांच करें और सभी तरह के छोटे रास्तों पर भी निगरानी बढ़ाएं। ताकि अवैध पदार्थों एवं गतिविधियों को रोका जा सके एवं पाए जाने पर सख्त कार्यवाही हो सके।

उन्होंने कहा जिन थानों से संबंधित जिला बदर एवं एनएसए की कार्यवाही के लिए चिन्हित कर प्रकरण भेजें, तत्काल एक्शन लिया जाएगा एवं कोई आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति, गुण्डा या किसी भी प्रकार से चुनाव प्रभावित कर सकता है ऐसे व्यक्ति पर तत्काल धारा 151, 107 एवं 116 के तहत कार्यवाही करें। साथ ही एसडीएम और एसडीओपी संयुक्त रूप से बड़ी कार्यवाहियां एवं बैठकें करें तथा प्रोसीडिंग तैयार करते रहें।

### 11 सितम्बर तक जुड़वाएं वोटर लिस्ट में नाम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा 11 सितम्बर तक वोटर से छूटे मतदाताओं के नाम जोड़े और जो मृत हो चुके है उनके नाम गंभीर रूप से कांटे। उन्होंने कहा मृत व्यक्ति का नाम मिलने पर संबंधी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा लोगों को जागरूक करने के लिए सैल्फी प्वाइंट बनाए, ई-रिक्शों में पेम्पलेट लगवाएं और पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की भी जागरूकता रैली प्लान करें। साथ ही महिलाओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। नाम जुड़वाने में समस्या आए जो 1950 पर कॉल करें।

### छात्राओ ने निकाली मतदाता जगरूकता रैली



**घुवारा, देशबन्धु।** नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विधालय प्रागंड से प्रारंभ हुई जिसमें छात्राएं अपने-अपने हाथ में तख्ती लेकर मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुये चल रही थी तो बही साथ मे नगर परिषद घुवारा का जागरूता रथ आगे चल रहा था। यह रैली विद्यालय से नगर परिषद होते हुए भगवा तिराहा तक गई और वहां से वापस विद्यालय पहुंची छात्राओं ने मतदाताओं को जागृत करने के लिए सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए और घुवारा के मतदाताओं को जागरूक किया। जागरूकता रैली में प्राचार्य बी.एल.प्रजापति नगर परिषद घुवारा से चुनाव प्रभारी रणमतसिंह सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्राचार्य ने प्रस्ताव विधि से संवाद कर किया समाधान

# छात्रा का सवाल खुद में जांच परख की प्रक्रिया कैसे शुरू करें?



**छतरपुर, देशबन्धु।** रामपुर में एक छात्रा का सवाल था कि वह खुद में जांच परख की प्रक्रिया कैसे शुरू करें, निर्णय लेते वक्त खुद में जांच परख की स्पष्टता नहीं है, प्राचार्य लखन लाल असाटी ने प्रस्ताव विधि से सभी विद्यार्थियों से संवाद कर समाधान का प्रयास किया, उनका ध्यान इस ओर दिलाया गया कि मानव के कार्य- व्यवहार में बाहर जो दिखाई देता है इसका निर्णय कहीं न कहीं वह विचार स्तर पर अपने अंदर पहले ही कर चुका होता है बाहर तो वह सिर्फ निर्णय लागू करता है, इसका एक आशय यह भी है कि कई बार विचार प्रक्रिया इतनी तेज होती है कि हमें पता ही नहीं लगता है और हम निर्णय ले चुके होते हैं, निर्णय लेते वक्त यदि हमारा ध्यान पहले से बैठी हुई मान्यताओं और धारणाओं पर जाता है तब हम अधिकतर सही निर्णय नहीं ले पाते, मान लीजिए

धारणा यह है कि पैसा ही सब कुछ है या सीधी उंगली से घी नहीं निकलता तब हम जो भी निर्णय लेंगे वह सार्वभौमिक अर्थात सभी काल व्यक्ति और स्थान के अनुसार उचित तो नहीं होगा, संवेदना अर्थात इंद्रियों शब्द, रूप, रस, गंध, स्पर्श के आधार पर लिया गया निर्णय भी स्थाई नहीं हो सकता है संवेदना के बदलते ही निर्णय बदल जाएगा,अब यदि हमारा ध्यान हमारे अंदर प्रकृति प्रदत्त स्वाभाविक रूप से बनी हुई सहज स्वीकृति अर्थात सही समझ की ओर जाता है तब निर्णय सार्वभौमिक और मानवीय होता है इस तरह मान्यताओं और संवेदनाओं के परे सहज स्वीकृति की ओर ध्यान जाना ही खुद में जांच परख है।

### मतदाता पंजीयन शिविर का हुआ आयोजन

**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता व मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई और नवीन मतदाताओं का पंजीयन किया गया। विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुडवाने के नियम, आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी और मौके पर ही दस्तावेज लेकर नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े। शिविर प्रभारी कार्तिक वैध, डॉ सुशील सोमवंशी, अंकुर तिवारी, क्रीड़ा अधिकारी विवेक आर्य, डॉ. नवल रजक, डॉ राजकुमार अहिरवार, डॉ रीता बुंदेला एवं महाविधालय का समस्त स्टाफ शिविर में मौजूद रहा।

# कांग्रेस के सह प्रभारी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की बैठक ली

**बड़ा मलहरा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र बड़ा मलहरा के सभी 21 उम्मीदवार शहप्रभारी से मिले अलग-अलग मुलाकात में उन्होंने सभी के बायोडाटा लिए सभी से विधानसभा क्षेत्र की जानकारी मांगी एवं क्षेत्र में उनकी क्या सेवा रही है सारी जानकारियां उन्होंने हासिल की बड़ा मलहरा विधानसभा क्षेत्र के लगभग 21 उम्मीदवार हैं जिन में रक्ष्य पाल सिंह यादव राम सिया भारती गगन यादव डॉक्टर आर बी राजपूत गिंरबल सिंह लोधी तिलक सिंह लोधी दिलीप छतरीय दिनेश यादव दीप्ति पांडे कलन अहिरवार वेंकटराम श्रीमती करुणा शर्मा डॉ सुमती उपाध्याय लाल सिंह लोधी राजा भैया लोधी रामपाल सिंह चंदेल श्री यादव महूटा चरण सिंह यादव सहित 21 उम्मीदवार मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी सीपीमित्तल से मिले वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बड़ा मलहरा राजकुमार सिंह चौहान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घुवारा शैलेश



जैन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बक्सवाहा संजय दुबे नेभी संगठन की बात बताई श्री चौहान ने कहा कि हम संगठन के सेवक हैं जैसा माननीय प्रदेश अध्यक्ष निर्देश करेंगे हम उन्हीं के आदेशों का पालन करेंगे।

# मृतक के परिजनों को मिली आर्थिक मदद



**लवकुश नगर, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा लवकुश नगर में प्रधानमंत्री सड़क सुरक्षा बीमा योजना दुर्घटना में मौत के शिकार हुए व्यक्ति माहेश्वरीदीन बसोर के परिजनों के लिए मददगार साबित हुई एसबीआई बैंक की यह योजना मृत व्यक्ति की पत्नी तुलसा बसोर को पी.एम.एस.बी.वाय. योजना के तहत 2 लाख का मुआवजा की राशि उनके खाते में हस्तांतरित की गई।

पासबुक मृतक की पत्नी को सौंप गई बस दुर्घटना में मृत व्यक्ति की कमी तो पूरी नहीं कर सकते है। लेकिन योजना के तहत आर्थिक संबल मिलने से परिजनों को मददगार जरूर साबित होती है अधिकतर लोगों को योजना की जानकारी नहीं होने से वो लाभ से वंचित रह जाते हैं, 20 रुपए सालाना प्रीमियम पर दो लाख का मुआवजा बैंक मैनेजर राजेश कुमार सचना ने बताया की केंद्र सरकार द्वारा बैंकों में खाता रखने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना चालू की गई जिसके तहत 20 रुपए का प्रीमियम जमा होता है दुर्घटना होने की स्थिति में अमृत के परिजनों को दी लाख तक की सहायता दी जाती है 70 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति की सड़क दुर्घटना मौत हो जाने पर मृतक के परिजनों को एक माह के अंदर बैंक को सूचना देने की स्थिति में उनका नाम दाखिल कर कार्रवाई की जाती है तथा 2 लाख तक की सहायता योजना के तहत मृतक के परिजनों को दी जाती है इस कार्य के लिए बैंक मैनेजर राजेश कुमार ने बैंक कर्मचारी राहुल को धन्यवाद कहा की इन्ही की मेहनत से यह कार्य हुआ है।

### मुख्य अभियंता ने किया करैरा और पिछोर जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण

**शिवपुरी, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्य अभियंता विजय कुमार गुप्ता ने ग्वालियर इकाई अंतर्गत शिवपुरी जिले के पिछोर और करैरा जल प्रदाय परियोजना का अवलोकन किया। श्री गुप्ता ने परियोजना के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जल शोधन संयंत्र और इंटैक वैल में विद्युत से जुड़े कार्य भी समय रहते पूरे किए जाये।

# चेक पॉइंट का निरीक्षण कर ग्रामीणों से की चर्चा !!



**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से कराने के लिए एसपी अमित सांघी ने उत्तर प्रदेश की सीमाओं का निरीक्षण किया, ग्रामीणों से चर्चा कर पुलिस और आम जनता के बीच अच्छे संबंध तालमेल बनाने की बात कही, एसपी अमित सांघी के द्वारा विधानसभा निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा एवं लंबित अपराधों के निराकरण के लिए थाना बमनोरा, थाना भगवा, चौकी रामटोरिया, चौकी घुवारा का भ्रमण, किया। पुलिस बल को लंबित अपराधों के निराकरण व उत्तर प्रदेश की सीमा पर चाक चौबंद रहने के दिये निर्देश, एसपी अमित सांघी ने धसान नदी के चेक पॉइंट का निरीक्षण कर ग्रामीणों से की चर्चा....

### आधा दर्जन अपराधियों को किया जिलाबदर

**शिवपुरी, देशबन्धु।** जिला प्रशासन द्वारा आदतन अपराधी के खिलाफ की जा रही कार्यवाही की कड़ी में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिले के आधा दर्जन अपराधियों को जिलाबदर घोषित कर शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिलों की सीमा से 3 माह एवं 6 माह के लिए निष्कासित किया है।कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जारी आदेशानुसार आदतन अपराधी सौरभ यादव पुत्र उदय सिंह यादव निवासी ग्राम सरखडपुर, थाना नरवर, मंगल पुत्र रामदास लोधी निवासी ग्राम ढंगी नयागांव थाना पिछोर, रिंकू उर्फ दिलीप राजपूत पुत्र प्रेम सिंह राजपूत निवासी बस स्टेण्ड मगरौनी चौकी थाना नरवर को 6 माह के लिए जिलाबदर किया है। इसी प्रकार जीतू उर्फ जीतेन्द्र कुशवाह पुत्र नारायण कुशवाह निवासी ग्राम बारई थाना बदरवास, मनोज सेन पुत्र स्व.रामजीलाल सेन निवासी राजपुरा रोड शिवपुरी देहात थाना तथा राजेश पुत्र पूरन जैन निवासी ग्राम अकाझिरी थाना रन्नौद शिवपुरी को तीन माह के लिए जिला बदर घोषित कर शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिले श्योपुर, ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, मुरैना व दतिया जिले की सीमा से निष्कासित किया गया है।

# अतिथि शिक्षक की विदाई पर भावुक हो गए विद्यार्थी



**आष्टा, देशबन्धु।** सत्र के बीच मे शिक्षा विभाग में हो रहे ट्रांसफर अतिथि शिक्षको को बेरोजगार बना रहे है। ऐसे मे नियमित शिक्षक के आने से न केवल अतिथि को विद्यालय छोड़ना पड़ता है। बल्कि पूरे सत्र के दौरान उसके वेतन का भी नुकसान उठाना पड़ता है। 2018 की उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं 2023 की चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चुके अतिथि शिक्षक मोहम्मद सादिक को उस समय विद्यालय छोड़ना पड़ा जब उनके स्थान पर एक नियमित शिक्षक का ट्रांसफर हो गया। शा उ मा वि अरनियाराम में लगातार 4 साल से कार्यरत अतिथि शिक्षक मोहम्मद सादिक छात्रों मे कब इतने लोकप्रिय हो गए, पता ही नहीं चला। मोहम्मद सादिक छात्रों और शिक्षकों के बीच पारिवारिक माहौल की तरह रहे। उन्होंने छात्रों को अपने परिवार का हिस्सा माना और छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए अथक परिश्रम किया। गत वर्ष परीक्षा परिणाम में उनके मार्गदर्शन मे आर्ट संकाय की छात्रा निशा शेख ने वार्षिक परीक्षा मे उच्च प्रदर्शन करते हुए न केवल लैपटॉप प्राप्त किया बल्कि शासन की ओर से दी जाने वाली स्कूटी भी प्राप्त की। छात्रों की खूबिंया तलाश कर उनकी सराहना करते हुए उन्हें वो शिक्षा दी कि उन्हें अपना भविष्य उज्जवल दिखाई देने लगा, उनकी विदाई का भाषण 12 वीं आर्ट की छात्रा अमरीन शेख ने दिया।

## पूर्व मंत्री वर्मा और एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष चौकसे ने किया प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व

# एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, पुलिस से हुई झड़प



**सीहोर, देशबन्धु।** सीहोर में जिला एनएसयूआई के तत्वावधान में विशाल छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया इसके बाद एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने टाउन हॉल से कॉलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकालकर कलेक्ट्रेट के बाहर अपनी मांगों को लेकर जंगी प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी नई शिक्षा नीति, बढ़ती बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में हो रहे घोटालों के विरोध में, शहीद भगत सिंह कॉलेज में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर, छेड़छाड़ के आरोपी प्राचार्य को हटाने, पीजी कॉलेज में एलएलबी संकाय पुन: प्रारंभ कराने, श्यामपुर तहसील में शासकीय कॉलेज खुलवाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद सीहोर में छात्र-छात्राओं के हितों में कार्य किए जाएंगे और श्यामपुर में कॉलेज खुलवाया जाएगा। आयोजनकर्ता छात्र नेता मनीष मेवाड़ा द्वारा आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलवीर तोमर, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, युकां के प्रदेश सचिव राजीव गुजराती, राहुल यादव, हरपाल ठाकुर, गणेश तिवारी, गुलाब ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश पटेल ने किया। इस अवसर पर सुरेश साबू, नईम नवाब, राजाराम बड़ेभाई, राजेन्द्र वर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव,विधानसभा अध्यक्ष मुस्तुफा अंजुम,जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, विवेक राठौर, आशीष गहलोत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बरखा विदिशा की अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रभारी बनीं



**सीहोर, देशबन्धु।** भाजपा नेत्री एडवोकेट डॉ.बरखा वर्मा को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का विदिशा जिले का प्रभारी बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, डॉ. कैलाश जाटव के निर्देशानुसार की गई। उनकी नियुक्ति पर राघवेन्द्र शर्मा प्रदेश कार्यालय मंत्री भाजपा, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, विधायक रघुनाथ मालवीय,रघुनाथ भाटी, नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, रवि नागले, मोहनलाल चौयरमेन, प्रीति सोनी, ज्योति मालवीय, रेखा चौरसिया,अर्चना परिहार एवं भाजपा कार्यकर्ता सहित भाजपा के सभी वरिष्ठजनों ने सांसद प्रतिनिधि बरखा वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

# अभिमत

**देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी-20 का डंका नहीं बजाया गया। जी-20 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर-बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई-रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? पीएम मोदी जी-20 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।**

## फटा पोस्टर, निकला मोदी!



पुष्परंजन

**शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी-20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं, वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है।**

दिल्ली में लुटियन की सड़कें पोस्टरों से पटी पड़ी हैं। विदेशी अतिथियों के लिए तय मार्ग एयरपोर्ट से शुरू और राजघाट पर जाकर समाप्त होता है। बीच में आता है लुटियन, बाक़ी सड़कें बकवास। भलस्वा, गाजीपुर, ओखला के कूड़ा पहाड़, पूर्वी-पश्चिमी दिल्ली की मलिन बस्तियां, बजबजाते नालों को मत देखिये। यह देखिये कि भक्त कैसे लहालोट हैं। मोदी विश्वगुरु हैं। महान विचारक। बुद्ध, महावीर, अरस्तु, प्लुटो, माओ, मार्क्स, स्वामी विवेकानंद, टाम बटलर से भी बड़े। मोदी इस धरती के महानायक के रूप में कुछ इस तरह प्रस्तुत हैं, कि जी-20 छोटा पड़ गया।

आखिरी बार विश्व पुस्तक मेले में मैं प्रगति मैदान गया था। यह लोकेशन तब मोहनजोदड़ो हड़प्पा बना हुआ था। देखना है, तो अब जाकर देखिये भारत मंडपम के जलवे। न भूतो न भविष्यति। जब से यह देश जन्मा, इतना दिव्य और भव्य आयोजन किसी नेता ने नहीं किया था। जो दिवंगत हो गये, और जो वैकुंठधाम प्रस्थान करने के वास्ते प्रतीक्षारत पूर्व प्रधानमंत्री हैं, उन्हें भी इसका अफसोस होगा कि इस तरह का विराट समारोह उन्होंने कुर्सी पर रहते क्यों नहीं किया? दुनिया का सबसे बड़ा इन्डोर हॉल, समिट के लिए विदेश से आया झूमर, ग्राउंड ज़ीरो पर खड़े रिपोर्टर दीदे फाड़कर देख रहे हैं, लिख रहे हैं, कमेंट कर रहे हैं।

मदारी का तमाशा देखना हो तो उन बयानों पर ग़ौर कीजिए, जिसमें दावा ठोका जा रहा है कि दिल्ली को सुंदर हमने बनाया। केजरीवाल सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने खम ठोका कि हमने दिल्ली को ब्यूटीफुल बनाया। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहते हैं कि सौंदर्यीकरण का 95 प्रतिशत केंद्र सरकार के फंड से हुआ है। एनडीएमसी को केंद्र सरकार फंड उपलब्ध कराती है। आईटीओ शहीदी पार्क, राजघाट पर सौंदर्यीकरण, रिवरसाइड बेड, धौला कुआं से एयरपोर्ट तक सौंदर्यीकरण, यह सब केंद्र सरकार के फंड से एलजी की देखरेख में की गई है। वीरेंद्र सचदेवा ने बयान दिया कि केंद्र सरकार ने अब तक जी-20 पर 4,064 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि केजरीवाल सरकार ने केवल 51 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मगर, दिल्ली को सुंदर बनाने का दावा करने वाले नेताओं-नौकरशाहों से कोई पूछे कि पूर्वी-पश्चिमी और उत्तरी दिल्ली को बदसूरत बना रहने देने की ज़िम्मेदारी किसकी है? सवाल पूछियेगा, वो बगलें झांकने लगेंगे।

सचदेवा के बयानों से एक बात समझ में आती है कि केवल दिल्ली को संवारने पर 4,064 करोड़ स्वाहा हुए हैं। देशभर में जी-20 के नाम पर जितने आयोजन हुए, उसपर केंद्र सरकार ने कितने खर्च किये, यह जानना दिलचस्प होगा। हमें उस समय का इंतज़ार रहेगा, जब सीएजी जैसी संस्था इसका ब्योरा देगी कि जी-20 के नाम पर टैक्स पेयर्स के पैसे का कितनी बेरहमी से दुरुपयोग हुआ है। जी-20 के आयोजन पर 10 करोड़ डॉलर से अधिक का खर्च आने का अनुमान है। देश के 50 से अधिक शहरों में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले लगभग 200 बैठकों का आयोजन हो चुका है। इनमें योग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मोदी मन भावे वाले स्वादिस्ट भारतीय भोजन का मेन्यू भी शामिल रहा है।

पिछले एक साल से देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी-20 का डंका नहीं बजाया गया। जी-20 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर-बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई-रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? इवेंट मैनेजरों ने जी-20 को भी चुनावी बना दिया। पीएम मोदी जी-20 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।

जी-20 का अगला सम्मेलन 2024 में ब्राज़ील में, और 2025 में दक्षिण अफ्ऱीका में होना तय है। क्या वहां भी दिल्ली जैसा दिखावा होगा? शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी-20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है।

जुलाई 2023 का अंतिम महीना था, जब आवास और शहरी मामलों के कनिष्ठ मंत्री कौशल किशोर ने संसद को बताया कि 1 अप्रैल से 27 जुलाई के बीच दिल्ली में बस्तियां ढहाने के 49 अभियान चलाये गये, जिसमें 230 एकड़ सरकारी जमीन को वापिस लिया गया है। मंत्री कौशल किशोर ने संसद में सफेद झूठ बोला कि जी-20 के लिए एक भी मकान नहीं तोड़ा गया है। आप इन इलाक़ों में जाइये, तो कहानी कुछ और है।

दिल्ली के भैंरो मार्ग स्थित जनता कैंप में जिनके मकान टूटे, उन्हें झांसा दिया गया था कि जी-20 शिखर समारोह से गरीबों के हक में कुछ होगा, यहां से उजड़े बेघरों को पीएम मोदी मकान देंगे। भैंरो मार्ग जनता कैंप के भूतपूर्व हो चुके निवासी मोहम्मद शादाब ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि जो कुछ हो रहा है, वह तो बिल्कुल उलटा है। बड़े लोग आएंगे, हमारी कब्र पर बैठेंगे, और खाएंगे। उजड़ चुकी बस्तियां पीएम मोदी के गगनचुंबी कटआउट्स, नियोन साइन और एलईडी लाइट्स से गुलजार हैं। कोई कह नहीं सकता कि कुछ हफ्ते पहले यहां टाट में पैबंद लगाकर लोग अपना ज़िस्मो-जान छिपाते थे। यह है मोदी का भारतवर्ष, जब वो 'इंडिया-इंडिया' बघारते थे, उनके दिये नारे याद कीजिए- 'जहां झुग्गी-वहां मकान'!

दिल्ली शहर का वीवीआईपी एरिया इस समय भिखारी मुक्त है। महानगर के मुख्य स्थानों से भिखारियों को हटा दिया गया है। दिल्ली में 20 हज़ार 719 भिखारी दर्ज़ हैं। मगर, यह पता नहीं चल पाया कि भिखारी गये कहां? पुलिस भी नहीं बताती कि भिखारी कहां तड़ीपार किये हैं? आपको ट्रंप की अहमदाबाद विजिट याद करनी पड़ेगी। उसी शैली में दिल्ली शहर की कई झुग्गी-झोपड़ियों को छिपाने के लिए उनके किनारे कपड़े लगाकर उन्हें ढंक दिया गया है। ग़रीबी छिपाने का गुज़रात मॉडल जी-20 में भी काम आ गया।

लगभग एक हफ्ते से कामकाजी लोग अपने घरों पर दो से चार घंटे लेट पहुंच रहे हैं। सप्लाई वाली ट्रकों का दिल्ली सीमा में प्रवेश नहीं के बराबर है। ज़रूरत के सामान औने-पौने भाव में मिल रहे हैं। धूल-मिट्टी, जाम, नाकेबंदी से परेशान लोग सदरे इंतज़ामिया से 'पारिवारिक संबंध' स्थापित करें भी, तो बला से। मोदी जी ने बोल तो दिया है-'रूकावट के लिए खेद है।' धरती के भगवान ने इतना कह दिया, अमृत वाणी समझिये इसे। खाये-पीये-अघाये लोग एक हफ्ते की पिकनिक मनाने दिल्ली से बाहर निकल गये। जो दिल्ली में किन्हीं वजहों से हैं, लाख तकलीफों के बावजूद जी-20 को कुदरत का करिश्मा और मोदी का प्रताप मान रहे हैं। जी-20 के बहाने देश में अंगूठा छाप से लेकर उच्च शिक्षित लोगों तक को रोबोट बनाया जा सकता है, यह मोदी ने मुमकिन कर दिखाया है।

15-16 नवंबर 2022 को इंडोनेशिया के बाली में जी-20 की शिखर बैठक हुई थी। तब के घोषणापत्र को इंटरनेट से डाउनलोड करके पढ़ियेगा। कोविड के बाद जिस तरह से विश्वव्यापी ग़रीबी बढ़ी है, उसपर साझा चिंता व्यक्त की गई थी। घोषणापत्र में इसका अहद किया गया था कि हम सब मिलकर ग़रीबी को मिटायेंगे। इसका हस्ताक्षर करने वालों में भारत के माननीय प्रधानमंत्री मोदी भी थे। प्रश्न यह है कि क्या साल भर ग़रीबी मिटाने का लक्ष्य प्राप्त हो गया? हो गया, तभी तो जी-20 के आयोजन में भारत ने 10 करोड़ डॉलर से अधिक फूंक डाले। माले मुफ्त, दिले बेरहम। बाली घोषणापत्र के सारे 52 बिंदुओं पर नज़र दौड़ा लीजिए, कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद विश्व की भरभराती अर्थव्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। फ़िर कोई अतिथि देश का नेता मोदी से क्यों नहीं पूछता कि शान दिखाने के वास्ते 10 करोड़ डॉलर क्यों उड़ा डाले?

हम यह भूल जाते हैं कि एशिया में आर्थिक संकट पैदा होने के कारण जी-20 अस्तित्व में आया था। जी-20 की पहली बैठक 2008 में वाशिंगटन डीसी में हुई थी। दुनिया के समृद्ध देशों के वित्त मंत्रियों व रिज़र्व बैंक के गर्वनर तब जी-20 की बैठकों में शिरकत करते थे। बाद के वर्षों में शासन प्रमुखों की भागीदारी होने लगी। 2011 के बाद हर साल शिखर बैठक बारी-बारी से सदस्य देशों की अध्यक्षता में होने लगी। 1999 में स्थापना वर्ष के बाद के कालक्रमों को ठीक से देखिये कि जी-20 शिखर बैठकों पर किस देश ने कितना ख़र्च किया। भारत ने सबकी लकीर छोटी कर दी है। हम पांच ट्रिलियन डॉलर के संकल्प को पूरा करें, न करें, अतिथि देशों को यह बताना है कि हम शाहखर्च थे, और रहेंगे।

जी-20 दो ट्रैक में विभाजित है। फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक। शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शासन प्रमुखों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है। यह कृषि, भ्रष्टाचारविरोधी, जलवायु, डिजिटल अर्थव्यवस्था, शिक्षा, रोजगार, ऊर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, पर्यटन, व्यापार और निवेश जैसे सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित है। फाइनांस ट्रैक का नेतृत्व वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक गवर्नर करते हैं, जो राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों के निस्बतन है। फाइनांस ट्रैक से संबंधित कार्य समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था, अधोसंरचना, वित्तीय विनियमन, वित्तीय ढांचा, अंतरराष्ट्रीय कराधान पर केंद्रित रहते हैं। सवाल यह है कि भारत फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक की अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में कितना सफल रहा है? उत्तर पूछिये तो अधिकारी कुछ गोल-गोल धुमाने लगते हैं, जिससे लगता है कि कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद हम अपनी अर्थव्यवस्था को सही से संभालने में चीन के मुक़ाबले अब भी काफी पीछे चल रहे हैं।

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**2 सितंबर**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छग विलासपुर के एक दीक्षांत समारोह में कहा कि कठिनाई का डटकर मुकाबला करें सफलता कदम चूमेगी।
- इसरो का सूर्य मिशन आदित्य एल-1 सफलतापूर्वक 11.50 बजे सूर्य की कक्षा में पहुंचा।
- इंफाल राजभवन के सूत्रों के अनुसार मणिपुर के हिंसा मामले की तेजी से जांच के लिए 42 एसआईटी बनेगी।
- हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओली का आठ नंबर संकेत जारी किया।।

**3 सितंबर**

- एक देश एक चुनाव के लिए कमेटी गठित की गई जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अध्यक्ष बनाए गए।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ओडिशा के बालासोर रेल हादसे मामले में तीन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार किया।
- सिंगापुर के राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल के थर्मन शनमुगख्तम राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए।
- ब्रिटेन के प्रसिद्ध उद्योगपति मुहम्मद अल फायद का निधन हो गया।

**4 सितंबर**

- जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन म्नागांग्वा ने पद की शपथ ली।
- इसरो ने आदित्य एल-1 को अगली कक्षा में भेजा।
- भारत में जी-20 सम्मेलन 9 व 10 सितंबर को किया गया जिसमें विदेशी अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई। भारतीय वायुसेना ने हवाई क्षेत्र की निगरानी एयरक्राफ्ट द्वारा की गई।
- ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से 10 नागरिकों की मौत हो गई।

**5 सितंबर**

- यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव को बर्खास्त कर दिया गया।
- चीन के दक्षिणी-पश्चिमी प्रांत में गुआंग डोंग में साओली तूफान में 8 हजार नागरिक फंसे।
- सूडान की राजधानी खार्तूम में आरएसएफ हमले में 16 नागरिकों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी में हड़ताली 3 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एस्मा लगाने के बावजूद हड़ताल जारी रखने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई।
- एडीआर की जारी की घई रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे अमीर दल है।
- नासा का स्पेस एक्स क्रू-6 फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित उतरा।
- इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू।

**6 सितंबर**

- जी-20 सम्मेलन के रात्रिभोज के आमंत्रण पर प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया के स्थान पर प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखा गया।
- सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद-370 पर सुनावई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा।
- इसरो ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की दूसरी बार बढ़ाई गई कक्षा।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की।रोहित शर्मा कप्तान एवं हार्दिक पंड्या उप कप्तान बनाए गए।
- छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी के पुल से बुलेरो वाहन नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई।
- ट्यूनेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री इस्लामिक पार्टी एन्नाहधा के पूर्व महासचिव हमाही जेबाली को गिरफ्तार कर लिया गया।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटीरिया गुंटेरस ने कहा कि प्रतिवर्ष प्रदूषित वायु से 70 लाख लोगों की मृत्यु होती है।
- अमेरिकी अदालत ने 'प्राइड बॉयज' नेता टोरियों को 22 साल की सजा सुनाई।

**8 सितंबर**

- जापान ने अपने पहले चंद्र मिशन एत-ए वाहक राकेट 47 से एक्स रे इमेजिंग तथा स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक उपग्रहों के साथ तनेगाशिया स्पेस सेंटर से प्रक्षेपित किया।
- पिछले 123 सालों में 2023 का जुलाई माह सबसे अधिक गर्म तापमान वाला रहा।
- मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया।
- जी-20 सम्मेलन भाग लेने मारिशस के प्रधानमंत्री प्रवींद्र जगनौथ भारत पहुंचे।

## पानी को सहेजने की परम्परा

■ राजकुमार सिन्हा

धरती पर पानी की कुल मात्रा लगभग 13,100 लाख घन किलोमीटर है। इस पानी की लगभग 97 प्रतिशत मात्रा समुद्र में खारे पानी के रूप में और लगभग तीन प्रतिशत मात्रा (390 लाख घन किलोमीटर) साफ या स्वच्छ पानी के रूप में धरती पर अनेक रूपों में मौजूद है। इस साफ पानी का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा धरती के ऊपर और लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा धरती के नीचे विभिन्न गहराइयों में मिलता है। भारत की धरती पर पानी की मात्रा 4000 लाख हेक्टेयर मीटर आंकी गई है तथा भूजल भंडार की मात्रा 396 लाख हेक्टेयर मीटर है।

इस सबके बावजूद जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व में लगभग तीन अरब लोग जल संकट की चपेट में हैं। 'नीति आयोग' के अनुसार 2030 तक भारत के 40 प्रतिशत लोगों की पहुंच पीने के पानी तक नहीं होगी। देश में 15 वर्ष पहले 15 हजार नदियां और 75 साल पहले 30 लाख कुएं, तालाब और झील थे जिनमें से 4500 नदियां सूख गई और 20 लाख कुएं, तालाब और झील गायब हो गए।

पाताल में प्रतिवर्ष जा रहे 120 घन किलोमीटर भूगर्भीय जल के बदले प्रतिवर्ष लगभग 190 घन किलोमीटर जल निकाला जाता है। यानि वर्षा आदि से भूमि के अंदर जाने वाले और निकाले जाने वाले पानी में 70 घन किलोमीटर का अंतर रह जाता है। मध्यप्रदेश में हर साल भूजल करीब 4 इंच नीचे जा रहा है। पिछले 10 साल में 40 इंच यानि सवा तीन फीट तक नीचे जा चुका है। यह इसलिए कि पानी क्षमता से ज्यादा निकाला जा रहा है, लेकिन रीचार्जिंग पर ध्यान नहीं है, जबकि प्रदेश की जमीन में 75 लाख घन मीटर (एमसीएम) पानी को समाने की क्षमता है।

> **पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए।**

भारत की जलनीति में पानी के उपयोग की प्राथमिकताओं का उल्लेख तो है, परन्तु विभिन्न कामों में लाए जाने वाले पानी की सीमाओं का उल्लेख नहीं है। नतीजे में हर साल करीब 90 खरब लीटर पानी बिना उपयोग के बह जाता है। भूजल विशेषज्ञ जॉन शेरी (2020 के 'स्टॉकहोम वाटर प्राइज' के विजेता) के शब्दों में 'भूजल पृथ्वी की रक्षा प्रणाली है।'

जाहिर है, ऐसे में प्रकृति के प्रसाद की तरह मुफ्त मिलने वाला पानी बिकाऊ माल में तब्दील हो रहा है। पीने के पानी का कारोबार 1.80 लाख करोड़ रुपए का हो गया है जो अगले कुछ सालों में 4.5 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। बोतलबंद पानी में सर्वाधिक 40 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले बिसलेरी की है। जैसे-जैसे बोतलबंद पानी का बाजार बढ़ रहा है, कम्पनियां भूजल दोहन, भूमि उपयोग, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन उत्सर्जन आदि को प्रभावित कर रही हैं।

ऐसा नहीं है कि हमारे पूर्वज पानी के मामले में लापरवाह थे। गोंडकाल में अधिकांश लोगों की आजीविका का आधार खेती और उससे जुड़ी सहायक गतिविधियां थीं, लेकिन गौंड राजाओं द्वारा बनाए गए अधिकांश तालाब नहर-विहीन थे। इसका मतलब है कि तालाबों का उपयोग आधुनिक तरीके से खेतों की सिंचाई के लिए नहीं, बल्कि मुख्यत: नमी और भूजल स्तर बढ़ाने, जलवायु का संतुलन कायम रखने, पेयजल स्त्रोतों को भरोसेमंद बनाए रखने,आजीविका (मछली, सिंघाड़ा, कमलगटटा और खेती) को स्थायित्व प्रदान करने के लिए होता था। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर और दमोह जिलों की गहरी काली मिट्टी में नमी संचित करने और इसी आधार पर रबी में बिना सिंचाई बढ़िया फसल लेने की देशज व्यवस्था प्रचलित थी।

कहते हैं कि पौराणिक राजा विराट ने मण्डला जिले के मवई इलाके में अधिकांश तालाब बनवाए थे। इस मामूली से कस्बे में 150 तालाबों का जिक्र तो अंग्रेजों के गजेटियर में भी मिलता है। बैगाओं की खास जीवन शैली, खेती- पाती और समाज व्यवस्था को देखते हुए अंग्रेजों ने 19 वीं शताब्दी में उन्हें एक खास इलाका 'बैगाचक' बनाकर उसमें बसाया था। बैगा एक तरह से घुमंतू समाज के लोग रहे हैं इसलिए पानी का उनका साधन हर साल नदी-नालों के किनारे झिरिया खोदकर ही रहा है। इन झिरियों के किनारे ही बैगाओं की संस्कृति, समाज फला-फूला है।

भारतीय संविधान में पानी के मामले में केन्द्र और राज्य सरकारों के दायित्वों को रेखांकित किया गया है और अन्तराज्यीय नदियों के संचालन एवं विकास का उल्लेख किया गया है, परन्तु इस पूरी इबारत में समाज का कोई उल्लेख नहीं है। इसी तरह जलनीति में पानी के उपयोग का नियोजन और क्रियान्वयन की प्राथमिकताओं का जिक्र है पर इसमें से समाज गायब है।

अर्थव्यवस्था में भूमंडलीकरण के बाद 1999 में विश्वबैंक ने भारत में पानी के परिदृश्य पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत आने वाले दिनों में जल प्रबंधन की चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकेगा। इसलिए आवश्यक है कि वह विश्वबैंक द्वारा सुझाई तकनीक का पालन करे। लोग मानते हैं कि भारत की 'राष्ट्रीय जलनीति 2002' में निजीकरण का उल्लेख विश्वबैंक की इसी रिपोर्ट के बाद आया। विश्वबैंक जैसी अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों के प्रभाव में दुनियाभर में नीतिगत बदलाव हुए हैं। भारत में भी तकनीकी सहायता के कारण जलक्षेत्र में बड़े नीतिगत बदलाव किए गए हैं जिससे जलप्रदाय व्यवस्था के परिदृश्य में आमूलचूल बदलाव आया है।

इस नीति का एक प्रभाव 'छोटे तथा मझौले नगरों की अधोसंरचना विकास योजना' (यूआईडीएसएसएमटी) के तहत मध्यप्रदेश की खंडवा और शिवपुरी की जलप्रदाय योजनाओं को 'पीपीपी' (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशीप) माडल के तहत निजी कंपनियों को सौंपा जाना है। इन योजनाओं में लगने वाला 90 प्रतिशत धन देश की जनता का है, लेकिन छोटा निवेश करने वाली कंपनियों को मालिक बना दिया गया है जिसे स्थानीय समुदाय ने स्वीकार नहीं किया है।

अब इस योजना को समाप्त कर 'मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना' बनाई गई है। 2013 में प्रदेश सरकार ने 'मध्यप्रदेश जल विनियमन कानून' पारित किया था। इस कानून के तहत बनने वाला 'जल नियामक आयोग' प्रदेश में पानी का बाजारू उपयोग निर्धारित करेगा। समुदाय की आर्थिक हैसियत बिजली की तरह जलक्षेत्र को भी उनकी पहुंच से दूर कर देगी।

वैश्विक आर्थिक संकट का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान पानी के निजीकरण पर जोर दे रहे हैं। ग्रीस, पुर्तगाल, इटली और आयरलैंड में इन प्रयासों का तीव्र विरोध हुआ, जिससे उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह संघर्ष बोलिविया के कोचाबाम्बा और अमेरिका के अटलांटा में पानी के निजीकरण के खिलाफ हुए संघर्ष की तरह सफल हुआ है।

ऐसे में पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्त्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए। संभव है, इन उपायों से हम अपने पानी को लंबे समय तक बचा पाएं।

**(लेखक बरगी बांध विस्थापित संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं।)**

## परिवार नियोजन के लिए अलग नजरिये की जरूरत

■ डॉ.संजना मोहन-लेखा रत्तनानी

परिवार नियोजन के लिए शुरू की गई सरकारी पहल 'मिशन परिवार विकास' (एमपीवी) अब अपने सातवें वर्ष में है। इस मुहिम को मूल रूप से तीन से अधिक की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) के साथ 'उच्च प्रजनन क्षमता' क्षेत्रों के रूप में पहचाने गए 146 जिलों में कुछ सफलता हासिल हुई है। चिन्हित जिले सात राज्यों- राजस्थान, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड हैं। एमपीवी को उम्मीद है कि 2025 तक इन उच्च फोकस क्षेत्रों में टीएफआर 2.1 तक कम हो सकती है।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए केंद्रित प्रयासों के परिणाम आंकड़ों में देखे जा सकते हैं लेकिन ये उन छिपी हुई समस्याओं के साथ आते हैं जिन्हें आंकड़े पकड़ नहीं पाते या नहीं पकड़ सकते हैं। उदाहरणार्थ, परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों के बाद इन क्षेत्रों में गर्भ निरोधकों के उपयोग में तेजी आई है लेकिन गर्भ निरोधक का सबसे लोकप्रिय तरीका सर्जरी से जुड़े परिवार नियोजन की अपरिवर्तनीय विधि है। नतीजों के नजरिए से यह अच्छा है लेकिन महिलाओं के दृष्टिकोण से हमेशा अच्छा नहीं है। स्थायी विधि की लोकप्रियता राष्ट्रीय वरीयता को प्रतिबिंबित करती है जहां एनएफएचएस-5 के अनुसार वर्तमान में विवाहित महिलाओं के 36.3 प्रतिशत ने इस विकल्प को अपनाया जिससे यह गर्भ निरोधक सभी विकल्पों में सबसे लोकप्रिय हो गया। एमपीवी जिलों वाले राज्यों में कई और महिलाओं ने स्थायी विधि का विकल्प चुना। चूंकि एमपीवी पिछड़ेपन के उच्च स्तर वाले जिलों में अनिवार्य रूप से चलती है, वह इन जिलों में कमजोर संचार तथा स्वास्थ्य देखभाल के खराब वितरण का संकेत देती है इसलिए महिला नसबंदी के नकारात्मक पक्ष यहां अधिक स्पष्ट होंगे।

महिला नसबंदी जैसी स्थायी विधि आमतौर पर तब अपनाई जाती है जब दंपति के पास उतने बच्चे होते हैं जितने वे चाहते थे तथा अब और बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनते हैं। ग्रामीण भारत में बच्चों व युवा वयस्कों की मृत्यु असामान्य नहीं है। खासकर आदिवासी समुदायों में कई अप्रत्याशित घटनाओं के कारण-जैसे सर्पदंश, तेंदुए के हमले, पेड़ से गिरने, गांव के तालाब में डूबने और कई रोकथाम योग्य या उपचार योग्य बीमारियों का इलाज न होने के कारण मौतें होती हैं। समय पर देखभाल व उपचार न मिल पाने के कारण अक्सर बच्चों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे मामले भी सामने आए हैं जहां दुर्घटनाओं के बाद दो या तीन बच्चों के बाद नसबंदी का विकल्प चुनने वाली महिलाएं खुद को अचानक कम बच्चों के साथ या बेटे के बिना पाती हैं। ऐसे मामलों में सर्जरी का उलटना असंभव नहीं है लेकिन बहुत मुश्किल है। इसके अलावा परिवार पर हुआ आघात का असर अंतहीन है। ग्रामीण भारत में महिला नसबंदी की बढ़ती स्वीकार्यता के ये दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम हैं। वे गर्भ निरोध के अपरिवर्तनीय तरीकों की विशिष्ट भारतीय समस्याओं को भी उजागर करते हैं। खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी सर्जरी के दौरान जटिल समस्याओं और यहां तक कि मौतों का कारण बनता है। एक बड़ा आघात यह भी होता है कि अगर सर्जरी से महिला बच जाती है तो वह अपने बच्चों को खो देती है और अब उसे और बच्चे नहीं हो सकते।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मार्च 2018 में लोकसभा में बताया था कि वर्ष 2014-2017 में नसबंदी के बाद कुल 358 मौतें हुईं। मंत्री ने लोकसभा को बताया कि 'भारत सरकार द्वारा प्रकाशित नसबंदी सेवाओं में मानक और गुणवत्ता आश्वासन- 2014 में निर्धारित मानदंड निर्धारित किए गए हैं और इन्हें नसबंदी प्रक्रियाएं करते समय सेवा प्रावधान में गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और सेवा प्रदाताओं को उपलब्ध कराया गया है।'

सिर्फ आंकड़ों के संदर्भ में देखें तो एनएफएचएस-3 से एनएफएचएस-5 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नसबंदी (वर्तमान में विवाहित महिलाओं के प्रतिशत के रूप में) राजस्थान में 32.2 प्रश से बढ़कर 44.5, बिहार में 22.6 से 35.3, छत्तीसगढ़ में 39.8 से 47.6, झारखंड में 19.8 से 37.4 और मध्य प्रदेश में 46.9 से बढ़कर 55.7 फीसदी हो गई है।

हाल के तीन घटनाक्रमों ने संभवत: नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है। दूसरा, गांवों में स्मार्टफोन और उच्च कनेक्टिविटी की पहुंच ने ग्रामीणों की आकांक्षाओं को बढ़ा दिया है। गांव में होने वाली शादियों में डीजे बजाना, जन्मदिन मनाना, ग्रामीण लड़कियों का बदलता पहनावा इसके उदाहरण हैं। शहरों में छोटे परिवारों के आकार और जीवन शैली को भी ग्रामीण परिवार नोट कर रहे हैं तथा इसे खुद अपनाने को तैयार हैं। नसबंदी की संख्या बढ़ाने में योगदान देने वाला तीसरा कारक काम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में पुरुषों के प्रवास की बढ़ती प्रवृत्ति है। दक्षिणी राजस्थान में ही करीब 70 प्रतिशत परिवारों में कम से कम एक पुरुष सदस्य आजीविका के लिए गुजरात या महाराष्ट्र अथवा किसी और राज्य के शहरों में पलायन करता है। पति की अनुपस्थिति में महिलाओं के लिए बच्चों का पालन-पोषण करना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इन हालातों में नसबंदी ऑपरेशन हर किसी के लिए हालातों पर एक जीत जैसा लगता है।

> **तीन घटनाक्रमों ने संभवत: नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है।**

प्रसूति विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि ऑपरेशन अंतिम विकल्प होना चाहिए क्योंकि ऑपरेशन के लिए शरीर को खोलने के अपने जोखिम हैं इसलिए अन्य उपलब्ध तरीकों का उपयोग किया जाना चाहिए जो सुरक्षित हैं। महिला नसबंदी से जटिलताएं और मौतें असामान्य नहीं हैं लेकिन ये घटनाएं इस विधि का चयन करने वाली महिलाओं की संख्या को प्रभावित नहीं करतीं। शायद उन्हें नसबंदी करने के लिए उचित प्रोत्साहन के साथ लुभाया जाता है। फिर भी हम इस समस्या से भाग नहीं सकते। भारत में जनसंख्या नियंत्रण का पूरा बोझ महिलाओं द्वारा वहन किया गया है और अभी भी वहन किया जा रहा है। यह बोझ विशेष रूप से नसबंदी के मामले में है। पिछले दस वर्षों का सच यही है जो सरकार के एनएचएफएस 2005-2006 से एनएचएफएस 2015-2016 के सर्वेक्षण में दिखाई दे रहा है।

गर्भधारण रोकने के लिए आज कई विकल्प उपलब्ध हैं इसलिए महिलाएं ट्यूबेक्टोमी के लिए 'ना' कह सकती हैं। अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूसीडी) जैसे कॉपर-टी या अन्य हार्मोनल उपकरण लंबी अवधि के लिए प्रभावी हैं। ये लगभग स्थायी विधि की तरह काम करते हैं। महिलाओं के लिए इनका एक या दो बार उपयोग करना पूरे प्रजनन चक्र में गर्भावस्था को रोकने के लिए पर्याप्त हो सकता है। इस प्रकार यह एक स्थायी विधि के रूप में भी कार्य करता है।

जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नियमित रूप से नहीं खुलते हैं, डॉक्टर और नर्स पूरी तरह से मौजूद नहीं हैं और लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर बहुत कम भरोसा है वहां जन्म दर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नसबंदी एक निश्चित तरीका है। विकल्प उपलब्ध कराने और सुझाने के लिए हमारे डॉक्टरों तथा नर्सों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होगी। इन तरीकों को उपलब्ध कराने और इन विभिन्न तरीकों से जुड़े भय एवं मिथकों को दूर करने के लिए लोक संवाद बढ़ाना होगा। इस मामले में कॉपर-टी एक उदाहरण है जिसके बारे में एक आम डर यह है कि 'यह पेट में ऊपर जाएगा।'

इस भय पर काबू पाने के लिए महिलाओं के डर को सुनने और स्वीकार करने की आवश्यकता होगी तथा महिलाओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि ये भय निराधार क्यों हो सकते हैं। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सातों दिन और चौबीसों घंटे खुला रखने और वहां स्वास्थ्य कर्मियों को मौजूद रहने की आवश्यकता होगी ताकि वे अन्य तरीकों के उपयोग से होने वाले रक्तस्राव व पेट दर्द जैसे किसी भी दुष्प्रभाव का प्रबंधन करने में सक्षम हो सकें।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर नए सिरे से जोर देना, नए स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की स्थापना, पीएचसी तथा उप-केंद्रों में डॉक्टरों व कुशल कर्मचारियों की बढ़ती संख्या इस सिलसिले में स्वागतयोग्य कदम हैं जो इस आदर्श बदलाव को संभव बना सकते हैं।

**(डॉ. संजना चिकित्सक व लेखा वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट:दी बिलियन प्रेस)**

# ननि की बैठक 11 को, अब हमीदिया रोड का नाम बदलेगा

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम परिषद की आगामी बैठक 11 सितंबर को होगी। इसको लेकर निगम की ओर से एजेंडा भी जारी कर दिया गया है। लेकिन इसमें नामकरण के अलावा कोई अन्य प्रस्तावों को शामिल नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि बीते एक वर्ष में नगर निगम परिषद की आधा दर्जन बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें हर बार किसी सड़क, कालोनी या बस स्टाप का नाम बदला गया। अब एक बार फिर से सोमवार को होने वाली बैठक में विकास मुद्दों के नाम पर सड़क, मैदान और आवासीय परिसर के नामकरण के प्रस्ताव आएंगे। इनमें भोपाल टाकीज चौराहे से अल्पना टाकीज तिराहे तक हमीदिया मार्ग का नाम परिवर्तित कर गुरुनानक मार्ग करने, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में प्रधानमंत्री आवासीय परिसर का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम पर बाबूलाल गौर आवासीय परिसर करने, मालीखेड़ी प्रधानमंत्री आवासीय परिसर का नाम पूर्व विधायक स्व. गौरीशंकर कौशल के नाम पर गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर करने के साथ ही मालीखेड़ी दशहरा मैदान का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम पर बाबूलाल गौर दशहरा मैदान करने का प्रस्ताव आएगा।

## पिछली बैठकों में बदले गए नाम

इसके पहले हुई बैठकों में हलालपुर बस स्टैंड का नाम हनुमानगढ़ी बस स्टैंड करने के साथ ही लालघाटी का नाम महेंद्रनारायण दास महाराज सर्वेश्वर चौराहा रखा गया। गुफा मंदिर से सुल्तानिया इंफ्रेंट्री लाइंस जाने वाली सड़क का नाम ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह मार्ग किया गया। ऐशबाग स्टेडियम का नाम बदलकर पूर्व सांसद स्वर्गीय कैलाश सारंग के नाम पर कैलाश नारायण सारंग हाकी स्टेडियम किया गया। जहांगीराबाद चौराहे से एक्सट्राल कालेज होते हुए पुल-पातरा तक की सड़क का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर के नाम पर किया गया। भेल में बरखेड़ा पठानी का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री के नाम पर शास्त्री नगर करने का प्रस्ताव पास हुआ। चेतक ब्रिज चौराहा स्थित वार्ड कार्यालय से कस्तूरबा नगर तक सड़क नामकरण प्रसिद्ध चित्रकार स्व. सचिदा नागदेव के नाम पर किया गया। स्मार्ट सिटी के एबीडी क्षेत्र स्थित प्लांट नंबर 91 पर बनाए पार्क का नाम साहित्यकार पार्क किया गया। आनंद नगर तिराहे से इस्कान मंदिर पटेल नगर तक सड़क का नाम स्वामी प्रभुपाद मार्ग किया गया। पटेल नगर बस स्टाप का नाम इस्कान मंदिर किया गया।

## *जनहित के मुद्दे शामिल नहीं करने पर कांग्रेस ने जताया*

*इधर परिषद की बैठक के एजेंडे में जनहित के मुद्दे शामिल नहीं होने पर कांग्रेस पार्षद दल ने इसका विरोध जताया है। कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि शहर में सड़कें उखड़ी हैं, कालोनियों में नियमित सफाई नहीं हो रही। सीवेज नेटवर्क ध्वस्त है। लेकिन मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा करने की बजाय सत्तापक्ष केवन नाम बदलने तक सीमित है। कांग्रेस पार्षदों ने हर बैठक में जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज करने का अरोप लगाते हुए आम जनता से जुड़े मुद्दों को बैठक एजेंडे में शामिल कराने की मांग की है। इसमें शहर में पीने के पानी को शुद्धीकरण की व्यवस्थाएं क्या हैं, इसमें निगम कितना खर्च करता है। गुणवत्ता के क्या मापदंड हैं। कर्मचारियों को सातवां वेतनमान और समय पर वेतन देने से संबंधित प्रस्तावों को एजेंड में शामिल कर परिषद बैठक में चर्चा करने की मांग की है। इसके साथ ही पार्षदों ने कहा कि उन्हें विकास कार्यों के लिए जो बजट दिया गया है, उनके फाइलों में बजट बुक नहीं हो रहा है। जिन फाइलों में बजट जारी हुआ, वो टेंडर कमेटी में अटकी हैं। ऐसे में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं।*

### इनका कहना है

*शहर में सड़क, पानी, सफाई और सीवेज को लेकर जनता परेशान है। लेकिन सत्ता पक्ष को केवल नाम बदलने में विकास दिख रहा है। परिषद बैठक में केवल नाम बदलने के प्रस्ताव आते हैं।*

***शबिस्ता जकी**, नेता प्रतिपक्ष*

# फर्जी दस्तावेज से बेच दिए दूसरे के भूखंड, प्रकरण दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** निशातपुरा थाना पुलिस ने बिजली कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर एक जालसाज के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया है कि आरोपी ने दूसरे की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर कर्मचारी को दो भूखंड बेच दिए थे। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन निवासी 60 वर्षीय अनवर अली पुत्र हसन अली बिजली कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने नवंबर 2020 में नूरमहल शाहजहांनाबाद निवासी मोहम्मद अफसर से ग्राम रुसल्ली एकता नगर स्थित दो भूखंडों का सौदा किया था। जमीन की खरीद-फरोख्त के वक्त मोहम्मद अफसर ने अनवर अली को भूखंड दिखाए और उनका खसरा नंबर बताने के बाद राशि ले ली थी। साथ ही बाकायदा रजिस्ट्री भी करा दी थी। कुछ समय बाद मकान बनाने के इरादे से अनवर अली खरीदे गए भूखंड पर पहुंचे तो पता चला कि उसे जो भूखंड दिखाए गए और खसरा नंबर बताया गया था, उक्त खसरा नंबर का भूखंड किसी अन्य व्यक्ति का है। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर पड़ताल करते हुए क्षेत्र के पटवारी से खसरा नंबर के आधार पर भूखंड की सही जानकारी जुटाई। तब उन्हें पता चला कि मोहम्मद अफसर ने धोखाधड़ी कर दूसरे का भूखंड दिखाकर गलत खसरा नंबर से भूखंडों की रजिस्ट्री कराई है। जालसाजी का पता चलने पर अनवर ने थाने में लिखित शिकायत की थी। शिकायत की जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# तीन बार तलाक बोलकर कतर की होटल में छोड़कर भाग गया पति

**भोपाल, देशबन्धु।** कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम (तीन तलाक) का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी दुबई में में रहता है। वह कतर में पत्नी और बच्चे को होटल में छोड़कर चला गया था। पत्नी अकेली भारत आई। मायके आने के बाद उसने शिकायत दर्ज कराई।

कोहेफिजा थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले के मुताबिक एनआरआइ कालोनी निवासी 32 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें बताया कि उसकी शादी अगस्त 2010 में मोहम्मद रिहान से हुई थी। रिहान दुबई में एक निजी फर्म में काम करता है। शादी के कुछ माह तक तो सब कुछ ठीक चला। उनका एक बेटा भी हुआ। बाद में पता चला कि पति के किसी अन्य महिला से भी संबंध हैं। इस बारे में जब उसने पति से पूछताछ की तो वह उसे प्रताड़ित करने लगा। उसके साथ मारपीट भी करने लगा। उससे भारत आने के बात कहते हुए वह उसे कतर की एक होटल में ले गया। वहां उसने तीन बार तलाक बोलते हुए रिश्ता समाप्त होने की बात कही। साथ ही उसे और बच्चे को होटल में छोड़कर चला गया। वह अकेली भारत आई और वर्तमान में मायके में रह रही है। रिहान ने उसे बिना बताए उसके खाते से साढ़े चार लाख रुपये भी निकाल लिए हैं। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ तीन तलाक को प्रकरण दर्ज कर लिया गया

## कार्यालय नगर परिषद राहतगढ़, जिला- सागर (म.प्र.)

क्रमांक/01 /नामान्तरण दिनांक 08/09/2023

**इश्तहार म्यादी 30 दिवस**

मध्यप्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम 1961 की धारा 150-151 के तहत आवेदकों द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। अतः इन नामान्तरणोंन्ध में जिस किसी की आपत्ति हो अन्दर म्याद 30 दिवस में नगर परिषद कार्यालय राहतगढ़ में प्रस्तुत करें। म्याद गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य न होगी।

| क्र. | प्रकरण क्रं. | आवेदक का नाम | अनावेदक का नाम | नामांतरण का प्रकार | संपत्ति का विवरण | वार्ड एवं मार्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 324 | हिमांशु नेमा S/o नाथूराम नेमा वार्ड 03 राहतगढ़ | मोहम्मद इदरीश S/o अब्दुल हफीज कुरैशी वार्ड-11 राहतगढ़ | रजिस्ट्री | खसरा नं. 8/6/2/2 में 1452 वर्गफुट | वार्ड क्रं. 13 राहतगढ़ |

**आवेदक द्वारा प्रकाशित**

## सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करे : मिश्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव शशांक मिश्रा ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा स्थित मुख्यालय में समीक्षा बैठक में सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने के लिए जनजागृति की आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया कि सोलर रूफटॉप को बढावा देने और सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए आमजन को जागरूक करना होगा। श्री मिश्रा ने सोलर रूफटॉप से बिजली की आत्मनिर्भरता और आमजन के साथ ही पर्यावरण को इससे होने वाले लाभ की जानकारी से अवगत कराना होगा। इस दौरान उन्होंने आव्हान किया कि अधिक से अधिक लोग सोलर रूफटॉप का उपयोग करें और सौर ऊर्जा से होने वाले लाभ उठाएं। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र में हो रहे सोलर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में निदेशक (तकनीकी) दीप्तापाल सिंह यादव, निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मेहताब सिंह, उप मुख्य महाप्रबंधक (गैर पारंपरिक ऊर्जा) सौरभ श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## नशामुक्ति पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक आर.के.सिंह ने बताया कि विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार प्रत्येक जिला स्तर पर तीन विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार दिया जाना हैं। जिला स्तरीय विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार वर्ष-2023-24 के लिये प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कार की प्रविष्टियां संचालनालय को और जिला स्तरीय विवेकानन्द नशामुक्ति पुरस्कार प्रदान किये जाने की प्रविष्टियां जिला कार्यालय में जमा होंगीं।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड

दूरभाष-क्रं. 07732-252084, ई.मेल- eephedpan@nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 54/2023-24 दिनांक 04.09.2023**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई.टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर अटल भूज योजना/जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों के अंतर्गत रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं। जिनके फार्म ऑनलाईन क्रय करने एवं निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 13.09.2023 शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है तथा निविदा खोलने की तिथि 15.09.2023 प्रातः 11.00 बजे निर्धारित है। निविदा से संबंधित समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे, जिन्हें पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. क्र. | विकासखंड | निविदा की कुल लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2023_PHED_304948_1 (Eighth Call) | अजयगढ़ | 56.08 | 56080 | 10000 | छः माह |
| 2 | 2023_PHED_304954_1 (Eighth Call) | अजयगढ़ | 41.75 | 50000 | 5000 | |
| 3 | 2023_PHED_304961_1 (Third Call) | पन्ना एवं गुनौर | 56.69 | 56690 | 10000 | |
| 4 | 2023_PHED_304972_1 (Third Call) | पवई एवं शाहनगर | 35.57 | 50000 | 5000 | |

जी-19448/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ceproc.encwrd.bpl@nic.in

फोन- 0755-2767635 फेक्स--0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-1023/2023-24/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/भोपाल, दिनांक 05.09.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.09.2023 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_WRD_ 304426 | परीक्षा एवं पढावली पाइप लाइन लघु सिंचाई योजना का निर्माण कार्य। | भिण्ड | 4552.13 |
| 2. | 2023_WRD_ 304427 | टर्न की पद्धतिः- छापर लघु सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | छतरपुर | 1392.58 |
| 3. | 2023_WRD_ 304518 | बानसुजारा बांध की गैलेरी में करटेन ग्राउटिंग का कार्य, 120 माह की अवधि के रख रखाव सहित। | टीकमगढ़ | 2909.40 |
| 4. | 2023_WRD_ 304571 | टर्न की पद्धति पर :- हरपुरा फीडर विस्तार नहर परियोजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं। | छतरपुर | 4297.49 |

जी-19452/23 **मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन भारत.... सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करेंगे। जी-20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 15 वर्ल्ड लीडर्स से बाइलेट्रल बातचीत करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से तीन द्विपक्षीय वार्ता आज उनके आवास पर होंगी। नौ सितम्बर को जी-20 समिट का पहला दिन है। प्रधानमंत्री मोदी यहां बैठकों में हिस्सा लेने के अलावा यूके, जापान, जर्मनी और इटली के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

10 सितम्बर को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पीएम मोदी की वर्किंग लंच मीटिंग करेंगे। कनाडा के साथ एक अलग बैठक होगी और कोमोरोस, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, ईयू/ईसी, ब्राजील और नाइजीरिया के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता होने की उम्मीद है। शिखर सम्मेलन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जिसे भारत मंडपम के नाम से भी जाना जाता है। पिछले दिनों पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग सहित विश्व के शीर्ष नेताओं के भाग लेने रहे हैं।

भारत में गांधी-गोडसे विजन.... 22 विदेश यात्राएं विवादित और सोशल मीडिया पर चर्चा में रही हैं। इनमें एक जर्मनी का वह दौरा भी जिसमें उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री मोदी को गले लगाने का राज खोला था। राहुल गांधी ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के बाद सोशल मीडिया पर देश के नाम को लेकर छिड़ी बहस सरकार की घबराहट भरी प्रतिक्रिया और ध्यान भटकाने की रणनीति है। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी उनकी पार्टी क्रोनी कैपिटलिज्म की चिंता जताती है तो इस तरह के विवाद सामने आते हैं।

राहुल गांधी इससे पहले 31 मई को अमेरिका के दौरे पर गए थे। 10 दिन की विजिट में उन्होंने वॉशिंगटन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को में प्रवासी भारतीयों को भारत में लोकतंत्र, सुरक्षा और राजनीति के मुद्दे पर संबोधित किया था। वह रूस-यूक्रेन युद्ध सहित बढ़ते वैश्विक तनाव के मद्देनजर अपनी अगली राजनीतिक प्राथमिकताओं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। गांधी ने मार्च 2023 में कैम्ब्रिज की अपनी यात्रा के दौरान भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। इससे पहले गुरुवार को राहुल ने कहा था कि उन्होंने यूरोपीय संसद (एमईपी) के कुछ सदस्यों के साथ बंद कमरे में बैठक की है।

## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई मेल -ceproc.encwrd.bpl@nic.in फोन-0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-1022/2023-24/प्रमुख अभियंता/ई-टेडरिंग/ भोपाल दिनांक 05.09.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.09.2023 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_WRD_ 304420 | एस.डी.एम.एफ. मद के अन्तर्गत ताप्ती नदी पर अम्बाडा बैराज के प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कार्य। | बुरहानपुर | 199.95 |
| 2. | 2023_WRD_ 304421 | एस.डी.एम.एफ. मद के अन्तर्गत ताप्ती नदी पर दैयत बैराज कम काजवे के बांये भाग पर प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कार्य | बुरहानपुर | 336.29 |
| 3. | 2023_WRD_ 304423 | डांगराखेड़ा तालाब का मरम्मत कार्य एवं फ्लश बार का निर्माण कार्य | देवास | 69.61 |
| 4. | 2023_WRD_ 304425 | टर्न की पद्धति-कुकरेठा वियर कम कॉजवे का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | अशोकनगर | 265.01 |
| 5. | 2023_WRD_ 304429 | सीप कोलार लिंक परियोजना के जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण कार्य जिसमें सीप वियर की ड्रिलींग-ग्राउटिंग कार्य, आर.डी. 156 मी. पर स्थित एक्वाडक्ट का पुर्नस्थापन, 5 लग एक्वाडक्ट पर उपचारात्मक कार्य, आर.डी. 90 मी. पर व्ही. आर.वी. का निर्माण आर.डी. 4985 मी. पर क्रास ड्रेनेज का निर्माण, चैनल सुरक्षात्मक कार्य एवं आर.डी. 0 मी. से 6486 मी.तक सर्विस रोड पर सी.आर.एम. मटेरियल बिछाने का कार्य। | सीहोर | 576.46 |
| 6. | 2023_WRD_ 304430 | टर्न की पद्धति पर-नैनपुर अन्तर्गत थांवर आर.बी.सी. की आर. डी. 0 से 15150 मी. खिरसारू माइनर नं. 01, आर.डी. 0 से 600 मी., खिरसारू माइनर नं. 02, आर.डी. 0 से 540 मी. भरवेली माइनर, आर.डी. 0 से 1710 मी. लालपुर माइनर नं. 01, आर.डी. 0 से 840 मी. लालपुर माइनर नं. 02, आर.डी. 0 से 780 मी. लुटमरा माइनर, 0 से 1230 मी. में मिट्टी कार्य, स्ट्रक्चर स्केप, सीडी, व्ही. आर.बी. एक्वाडक्ट, नाला साइफन, केनाल फाल 1.8 मी. हेड रेग्युलेटर, आउटलेट एवं लाइनिंग का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | मण्डला | 993.36 |
| 7. | 2023_WRD_ 304432 | विशेष मरम्मत अन्तर्गत मोरवन मध्यम तालाब की नहरों का लाईनिंग कार्य। | नीमच | 810.54 |
| 8. | 2023_WRD_ 304436 | टर्न की पद्धति परः- रिधोरा सिकुण्ड जलाशय के बांध एवं 2 नग ब्रिज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | बैतुल | 629.37 |
| 9. | 2023_WRD_ 304436 | टर्नकी पद्धति पर बरौदा जलाशय योजना दबावयुक्त पाइप प्रणाली सिंचाई का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं | सागर | 123.37 |
| 10. | 2023_WRD_ 304440 | पन्ना जिले में मझगांय मध्यम सिंचाई बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित 33 के.व्ही. विद्युत लाईन (ग्राम कुवंरपुर) के प्रतिस्थापन का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्यस्थल पर जी शेड्यूल केअनुसार इंचार्ज यंत्री के निर्देशानुसार। | पन्ना | 66.62 |
| 11. | 2023_WRD_ 304441 | टर्नकी पद्धति पर डोबनी बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | धार | 366.01 |
| 12. | 2023_WRD_ 304442 | टर्नकी पद्धति पर इटौरा स्टॉप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | मुरैना | 572.15 |
| 13. | 2023_WRD_ 304513 | हनौता वृहद सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत डूब प्रभावित ग्राम खजराहरचन्द्र के वैकल्पिक मार्ग (बिटुमिन रोड) का निर्माण कार्य-खुरई बीना बाईपास सेखजराहरचन्द्र ग्राम तक 2250 मी. मार्ग तथा 3 नग कलवर्ड सहित का निर्माण कार्य। | सागर | 153.08 |

जी-19439/23 **मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सागर (म.प्र.)

दूरभाष 07582-224269 E-mail-eephe_sagar@yahoo.co.in

क्र.2382/निविदा प्रकोष्ठ/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड, सागर सागर दिनांक 01.09.2023

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से सागर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सागर क्षेत्रांतर्गत ग्रामों में शत प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय हेतु नल जल योजना कार्य की आनलाईन निविदा http://www.mptenders.gov.in दिनांक 12.09.2023 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेण्डर क्रमांक | ग्राम एवं विकास खण्ड का नाम | कार्य की अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्र. 44/ 01.09.2023 | 2023_ PHED_ 303753_1 | 1. BADARCHUAA<br>2. GOPALPURA<br>3. GUDAKHURD<br>4. GUGRIKHED<br>5. KUDPURA<br>6. MAHENDRA<br>7. SALAIYA<br>8. CHHEWALA<br>9. DIKUAA<br>10. DOBHI<br>11. JHINPINI<br>12. MAARPAN<br>13. MADALA<br>14. RAMGADA<br>15. SARRAKALA<br>16. MADHIYA BUJURG<br>17. PADARIYA<br>18. SANDAI BLOCK-REHLI | 413.58 | 413580/- | 15000/- |

निविदा में संशोधन ऑनलाईन ही देखे जा सकेंगे।

जी-19379/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सागर**

## चोरी के वाहन बेचने की फिराक में घूमते दो गिरफ्तार

भोपाल। अशोका गार्डन पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर तीन चोरी के वाहन बरामद किए हैं। आरोपी इन चोरी के वाहनों को कम दामों में बेचने की फिराक में घूम रहे थे। थाना प्रभारी जीतेंद्र पाठक के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़का औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन इलाके में चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर सागर मालवीय निवासी कोलुआ कला थाना अशोका गार्डन को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अशोका गार्डन क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी करना कुबूल किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। इसी प्रकार एक अन्य मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र मेनगेट के पास से राजू पंवार निवासी परिहार चौराहा के पास फुटपाथ को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया।


## मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

ई-ऑफर की सूचना www.mphousing.in/https://mphidb.mponline.gov.in पर उपलब्ध

**प्राणनाथपुरम (अजयगढ़ रोड, इंद्रपुरी) पन्ना में विभिन्न प्रकार के भूखण्ड विक्रय हेतु ऑफर के माध्यम से एकमुश्त आधार पर विभिन्न श्रेणी के भूखण्डों को खरीदने का सुनहरा अवसर**

ऑनलाइन ई-ऑफर दिनांक 30.09.2023 तक आमंत्रित

| क्र. | भूखण्ड का प्रकार | भूखण्ड क्रमांक | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | अनुमोदित ऑफसेट मूल्य प्रति भूखण्ड (रुपये) | धरोहर राशि प्रति भूखण्ड (रु. में) | आवेदन का मूल्य GST सहित प्रति भूखण्ड रु. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एच.आई.जी. (बी) भूखण्ड | 37, 39, 40, 42, 43, 44 | 198.00 वर्गमीटर | 1834000.00 | 366800.00 | 1180/- |
| 2. | एच.आई.जी. (बी) भूखण्ड | 28 | 216.00 वर्गमीटर | 1997000.00 | 399400.00 | 1180/- |
| 3. | एच.आई.जी. (बी) भूखण्ड | 38 | 253.80 वर्गमीटर | 2338000.00 | 467600.00 | 1180/- |
| 4. | एच.आई.जी. (बी) भूखण्ड | 41 | 258.30 वर्गमीटर | 2378000.00 | 475600.00 | 1180/- |
| 5. | एच.आई.जी. (बी) भूखण्ड कॉर्नर | 45 | 288.00 वर्गमीटर | 2906000.00 | 581200.00 | 1180/- |
| 6. | एम.आई.जी. (बी) भूखण्ड | 55, 56, 65, 67, 69 | 135.00 वर्गमीटर | 1260000.00 | 252000.00 | 1180/- |
| 7. | एम.आई.जी. (बी) भूखण्ड | 57, 58 | 141.00 वर्गमीटर | 1314000.00 | 262800.00 | 1180/- |
| 8. | एम.आई.जी. (बी) भूखण्ड | 64 | 154.12 वर्गमीटर | 1432000.00 | 286400.00 | 1180/- |
| 9. | एम.आई.जी. (बी) भूखण्ड कार्नर | 75 | 135.00 वर्गमीटर | 1381000.00 | 276200.00 | 1180/- |

**नोट :** (1) धरोहर राशि ONLINE/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (2) ऑफर आई.डी. रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होगी। (3) ऑनलाइन ऑफर आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 30.09.2023 शाम 5.00 बजे तक।** (4) ऑफर डालने की **अंतिम तिथि 01.10.2023 शाम 5.00 बजे तक।** (5) ऑफर खोलने की **तिथि 04.10.2023 शाम 3.00 बजे तक।** (6) ई-ऑफर की विस्तृत जानकारी **www.mphousing.in/https://mphidb.mponline.gov.in** कियोस्क पर उपलब्ध। (7) संपत्ति क्रय करने हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से आसानी से ऋण लेने की विशेष सुविधा उपलब्ध। (8) शासन/मण्डल के नियम एवं शर्तें लागू। (9) ऑफर स्वीकृति उपरान्त यदि भूखण्ड नहीं लेते हैं तो धरोहर राशि की 50 प्रतिशत की राशि कटौती कर वापिस की जावेगी। फ्री-होल्ड की पात्रता नियमानुसार रहेंगी।

**संपर्क :- बी.पी. विश्वकर्मा (सम्पदा प्रबंधक दमोह) मो. 9826025754, प्रदीप यादव (सहायक यंत्री, पन्ना) मो. 9479482057, सीता राम अहिरवार (सहायक संपदा शाखा दमोह) मो. 7999600625**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

**(एम.के. खरे)**
**(संपदा अधिकारी दमोह) मो. 9406912229**

म.प्र. माध्यम/111894/2023

मांगे पूरी न होने पर जताया विरोध

# ट्रायसेम हैण्डपंप मेकेनिक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत ट्रायसेम हेण्डपंप मेकेनिक कर्मचारियों द्वारा लम्बे समय से अपनी मांगो को लेकर कई बार शासन को चेताया जा चुका है। मांगे पूरी न होने पर ट्रायसेम हेण्डपंप मेकेनिक कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कलेक्ट्रेट कार्यालय पर हड़ताल पर बैठे ट्रायसेम हेण्डपंप मेकेनिक संघ के जिलाध्यक्ष चन्नूलाल अहिरवार सहित भगवान दास, रामपाल, मुन्नालाल, हरप्रसाद, अम्रत, दामोदर, दिनेश शर्मा, शीतल यादव, प्रभू प्रजापति, बालकदास ने बताया कि ट्रायसेम हेण्डपंप मेकेनिक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मे वर्ष 1984 से ग्रामीण क्षेत्रों मे हेण्डपंप संधारण कार्य कर रहे है, लेकिन सरकार द्वारा उन पर ध्यान नही दिया जा रहा है। भिण्ड जिले मे ट्रायसेम हेण्डपंप मेकेनिक बेतनभोगी वर्गीकृत हुआ है, जिसकी जानकारी सरकार को है। उन्होंने बताया कि हेण्डपंप संधारण कार्य जोखिम भरा होता है। संधारण के दौरान दुर्घटना होने पर शासन द्वारा क्लेम नही दिया जा रहा है। प्रदेश भर मे ट्रायसेम कर्मचारियों की संख्या 300 से कम है। हर समय ग्रामीण क्षेत्रों मे बेहतर पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करबाते है। ट्रायसेम मेकेनिक प्रदेश भर मे 200 से अधिक हेण्डपंपों का संधारण कार्य कर रहे है। खरगोन एवं बड़वानी जिले मे ट्रायसेम कर्मचारियों को लगातार 3-4 माह मे ही वेतन प्राप्त होता है। कम वेतन मे पारिवारिक जिम्मेदारी व हेण्डपंप संधारण कार्य संभव नही है। वर्ष 2013 से ट्रायसेम हेण्डपंप मेकेनिक दैनिक वेतनभोगी कुशल श्रमिक की श्रेणी मे कार्य कर रहा है। शासन ने आगर मालवा ट्रायसेम कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी कुलश श्रमिक श्रेणी मे वर्ष 2013 से 2022 तक एरियर्स के रूप मे भुगतान किया है, लेकिन प्रदेश की सरकार हम कर्मचारियों की सुन नही रही है। कर्मचारियों ने बताया कि जिसको लेकर अब हम लोगों ने काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है। जब तक शासन द्वारा हमारी मांगे पूरी नही की जाती है, तब तक हम ट्रायसेम हेण्डपंप मेकेनिक कर्मचारी संघ यहां से हटने वाले नही है।




# अवैध हथियारों एवं कारतूसों सहित गिरफ्त में आया युवक



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी राहुल कटारे के मार्गदर्शन में थाना खरगापुर प्रभारी निरीक्षक मुकेश शाक्य द्वारा पुलिस टीम गठित कर मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना पर रेल्वे स्टेशन खरगापुर में आटो स्टेण्ड के पास से एक व्यक्ति चंद्रशेखर उर्फ चंदू पिता दिनेश कुमार गंगेले उम्र 25 साल निवासी नेगुवा चौकी लुगासी थाना नौगांव जिला छतरपुर के पास से सफेद रंग की प्लास्टिक में एक 315 बोर की देशी राईफल लोहे की, एक 12 बोर का देशी कट्टा एवं एक लोहे का 315 बोर का देशी कट्टा, 02 कारतूस 315 बोर के, एक बारह बोर का कारतूस बरामद किया। आरोपी से उक्त अवैध हथियार एवं कारतूस रखने के संबंध में लाईसेंस के बारे में पूछा तो कोई कागजात नही होना बताया। पूछताछ मेमोरेण्डम कथन में उक्त अवैध शस्त्रो को उसके पिता दिनेश कुमार गंगेले के द्वारा बेचने हेतु देना बताया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त अवैध हथियार व कारतूस जप्त करके आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश शाक्य, प्रधान आरक्षक 223 आदर्शमुनि त्रिपाठी, आरक्षक चालक 375 रामसिंह यादव, एनआरएस रामसेवक कुशवाहा, एनआरएस पुष्पेन्द्र बुंदेला, एनआरएस कलु

# विधायक राकेश गिरी ने श्री बगाज माता को चढ़ाई 51 मीटर लंबी चुनरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में अच्छी बारिश एवं क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना को लेकर क्षेत्रीय विधायक राकेश गिरी द्वारा जगत जननी श्री माता रानी की 51 मीटर की विशाल चुनरी पदयात्रा शहर में निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर धर्म लाभ लिया। नजरबाग श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना कर प्रारंभ यात्रा मिश्रा तिराहा, लुकमान चौराहा, मजदूर चौराहा, सामंती चौराहा, कटरा बाजार चौराहा, नगर भवन, लक्ष्मी टॉकीज, स्टेट बैंक, पपौरा चौराहा, पुरानी टेहरी, पपौरा जी, पठा, माडूमर, मातोली, सुंदरपुर होते हुए मां बगाज माता मंदिर पहुंची। बगाज माता मंदिर पहुंचकर विधायक राकेश गिरी ने हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ मां बगाज माता रानी को 51 मीटर की चुनरी चढ़ाई। विशाल चुनरी यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। पद यात्रा में शामिल घोड़ा, ऊंट, बैंड, दलदल घोड़ी, मनिया पार्टी, आर्केस्ट्रा, नागिन बैंड, डीजे, हनुमान जी की झांकी, राजधानी नृत्य, पार्टी, हवेलिया अखाड़ा, ओगड़ पार्टी, शंकर जी की झांकी, मां काली जी की झांकी, आर्केस्ट्रा ग्वालियर, कालबेलिया नृत्य, 101 कलश, मां दुर्गा जी की झांकी सहित पदयात्रा में अनेकों अनेक सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

# जुआ खेलते पकड़े गए 3 युवकों पर प्रकरण पंजीबद्ध

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा जुआ, सट्टा पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुड़ीला उप निरीक्षक ब्रजेंद्र घोष के नेतृत्व में शुक्रवार 08 सितम्बर को मुखबिर की सूचना पर 3 युवकों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चौकी देरी थाना कुड़ीला पुलिस ने ग्राम गैंती में एक खेत पर जुआ खेलते हुए अशोक पिता भगवानदास अहिरवार उम्र 21 साल निवासी देरी, मातादीन पिता छक्की लोधी उम्र 24 साल निवासी गेंती, अमित पिता देवेंद्र सोनी उम्र 20 साल निवासी ग्राम देरी को पकड़ा गया। इन युवकों के कब्जे से 20 हजार रुपए नगद, 52 पत्ते ताश, 02 मोटर सायकिल एवं 02 मोबाईल फोन कुल मशरुका 1 लाख 30 हजार रुपए जप्त करने मे सफलता प्राप्त की। आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक 249/ 23 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी देरी उप निरीक्षक चंदन शाक्य, आरक्षक अभय वर्मा, दीपक अहिरवार, चंद्रभान राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग जरूरी: डॉ. अवंतिका




**पलेरा, देशबन्धु।** अति संवेदनशील मतदान केंद्र बूदौर, महेंद्र महेवा, घूरा गांव में तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने मौका स्थल का जायजा लिया। ग्राम पंचायत क्षेत्र के शासकीय स्कूल में अध्यनरत छात्र छात्राओं से चर्चा करते हुए तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने मध्यान्ह भोजन संबंधी जानकारी हासिल करते हुए मीनू अनुसार एवं गुणवत्ता पूर्ण भोजन वितरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डॉक्टर अवंतिका तिवारी एवं थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने उपस्थित ग्रामीणों के जन समुदाय को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग जरूरी है। इसी प्रकार थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक टीम कृत संकल्पित है। चुनाव में विघ्न डालने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्र पर पहुंच कर निर्भीक होकर अपने मतों का प्रयोग करें। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि मतदान के दौरान डराने-धमकाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी एवं थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बूथ केंद्र विद्यालयों के कक्ष में जाकर निरीक्षण करते हुए अपने निर्देश दिए।

बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त: चंदा सिंह

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन



**पलेरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं जिला प्रभारी चंद्रिका द्विवेदी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू समेत खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के निर्देशानुसार शुक्रवार के दिन खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के नगर बल्देवगढ़ में एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुए विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौपा गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन पर तत्काल कार्यवाही चाही है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बढ़ती महंगाई को लेकर आम जनता परेशान बनी हुई है। गरीब किसानों को खाद बीज दुगने दामों पर मिल रहा है। इसके अलावा बेरोजगारी की समस्या के चलते आत्महत्या जैसी घटनाएं लगातार प्रदेश में बढ़ रही हैं। ऐसे में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार स्थापित कराए जाएं। भ्रष्टाचार के चलते शासकीय विभागों में 50 प्रतिशत कमीशन लेकर जनता को लूटने का काम किया जा रहा है, उस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए। इसके अलावा बताया गया है कि प्रदेश में लगातार लूट, बलात्कार, हत्या जैसी जघन्य वारदातें होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं है। लगातार हो रही विद्युत अघोषित कटौती को लेकर आम जनता एवं किसान परेशान बने हुए हैं, ऐसे में तत्काल प्रभाव से अघोषित विद्युत कटौती बंद की जाए। गोवंश की दुर्दशा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा है कि गोवंश की सुरक्षा को लेकर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। मध्य प्रदेश में संचालित गौशालाओ में घोर लापरवाही की जा रही है। ऐसे में गोवंश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गौशालाओं में व्यवस्थित किया जाए। खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में हुई अल्प वर्षा को लेकर सूखा जैसे हालात बने हुए हैं, गरीब किसानो की फसले चौपट हो चुकी हैं। गरीब किसानों के हित में सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा राशि मुहैया कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर, अंकित कश्यप, पुष्पेंद्र यादव, अशोक राजा, दिनेश यादव, बाबे राजा, हामिद रजा, अंगद राजपूत, हरेंद्र सिंह, देवेंद्र भास्कर, मातादीन यादव, रामप्रसाद अहिरवार, अनिल भार्गव, बृजेंद्र तिवारी समेत अनेक कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

# राज्य मंत्री ने 67वीं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग तथा वन राज्य मंत्री राहुल सिंह के मुख्य आतिथ्य में पुलिस परेड ग्राउण्ड में 67वीं संभाग स्तरीय बालक/बालिका हॉकी, सॉफ्टवॉल, जूडो, पिट्ठू प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। राज्य मंत्री राहुल सिंह ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, जनप्रतिनिधि, अभिषेक खरे (रानू), रक्षित निरीक्षक श्री मालवीय, जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति खरे, रामलखन पाराशर, जिला क्रीड़ा अधिकारी एसडी अहिरवार, पीटीआई देवेन्द्र शेषा, संतोष मिश्रा, रामेश्वर रजक, मुहम्मद अल्ताफ सहित संबंधित अधिकारी तथा खिलाड़ी उपस्थित रहे। 67वीं संभाग स्तरीय बालक/बालिका प्रतियोगिता में सागर संभाग के सागर, छतरपुर, पन्ना, दमोह एवं टीकमगढ़ जिले के लगभग 700 खिलाड़ियों ने हॉकी, सॉफ्टवॉल, जूडो, पिट्ठू प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। शुक्रवार को खेले गये खेलों में हॉकी के मैचों में पहला मैच सीनियर वर्ग बालक में सागर ने छतरपुर को 1-0 गोल के अंतर से हराया। साथ ही टीकमगढ़ ने पन्ना को 3-0 गोल के अंतर से हराया।



# बाल रंग समारोह अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** 8 सितंबर शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय टीकमगढ़ में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार बाल रंग समारोह 2023 के अंतर्गत वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता अंतर्गत विकासखंड स्तरीय साहित्यिक प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता अंतर्गत लोकगीत, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, बादन, एकल गायन, निबंध लेखन तथा योग प्रतियोगिता अंतर्गत आसन प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय टीकमगढ़ की प्राचार्य श्रीमती रजनी जैन, संयोजक भरत त्रिपाठी, डॉ. दीपक जैन, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शिक्षक विवेक खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन प्रतियोगिताओं में शासकीय माध्यमिक शाला नयाखेरा की छात्राओं एवं शासकीय माध्यमिक शाला सगरवारा के छात्रों ने भाग लिया। आगामी 1 नवंबर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के दिन जिला स्तर पर पुन: इन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को संभाग स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। उत्कृष्ट विद्यालय पर आयोजित प्रतियोगिता में चयन समिति एवं छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त माध्यमिक शाला नयाखेरा की शिक्षिका अनामिका शर्मा, सगरवारा के शिक्षक प्रमोद नापित उपस्थित रहे।

## 24 घंटे में 39.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में एक जून से 8 सितम्बर तक 726.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 8 सितम्बर तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ में 777 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 787, बल्देवगढ़ में 727, खरगापुर में 680, जतारा में 679, मोहनगढ़ में 732, लिधौरा में 704 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 728 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 8 सितम्बर तक 39.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 3 हजार का इनामी वारंटी





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा फरारी, ईनामी, स्थाई वारंटीयों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना खरगापुर प्रभारी निरीक्षक मुकेश शाक्य के नेतृत्व में थाना खरगापुर में गठित पुलिस टीम ने वर्ष 2014 के प्रकरण में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटी जिस पर 3 हजार रुपये का ईनाम घोषित है। भज्जु उर्फ अमर पिता किशनलाल रजक निवासी मउरानीपुर जिला झांसी को मांची तिगेला थाना जतारा से गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खरगापुर निरीक्षक मुकेश शाक्य, प्रधान आरक्षक 557 अजय शुक्ला, आरक्षक 182 गौरव, 570 दिलीप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**8 किलो 5 सौ ग्राम गांजा सहित पकड़ा गया बुजुर्ग :** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध मादक पदार्थों के परिवहन एवं विक्रय करने वालों पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना चंदेरा पुलिस द्वारा शुक्रवार 8 सितम्बर को दबिश देकर ग्राम नुना पुलिया वाले हार से आरोपी लालसिंह पिता रामस्वरूप उम्र 56 साल निवासी नुना के आधिपत्य के खेत से 8 किलो 500 ग्राम गांजा जप्त कर व आरोपी लालसिंह को मौके से गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक अंकित दुबे थाना प्रभारी चंदेरा, सहायक उप निरीक्षक हरि सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक करन सिंह, आरक्षक 713 गनेश, आरक्षक 442 विकास चौबे, आरक्षक 84 राजवीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 5 हजार रुपए का इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा फरारी, ईनामी, स्थाई वारंटीयों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या व एसडीओपी राहुल कटारे के मार्गदर्शन में 08 सितम्बर को 15 साल पुराने 5 हजार रुपए के इनामी वारंटी को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी देहात मनीष कुमार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना देहात का 5 हजार रुपए का ईनामी स्थायी वारंटी बिहारी कुशवाहा पिता गलबलिया काछी निवासी ग्राम मवई, मवई बस स्टैण्ड पर खड़ा है तथा कहीं बाहर भागने की फिराक में है। उक्त आरोपी को पुलिस द्वारा घेराबंदी करके पकड़ा जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष कुमार, सहायक उप निरीक्षक राहत खान, प्रधान आरक्षक तरबेज खान, आरक्षक मनोज, छोटेलाल की सराहनीय भूमिका रही हैं।

--------------------
--

## सार समाचार

### लोक अदालत का आयोजन आज

**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 9 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबिल इंस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अंतर्गत चौक बाउन्स प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की सहमति एवं सुलह के आधार पर किया जायेगा। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय ने बताया उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु 01 न्यायाधीश एवं 02-02 सुलहकर्ता से गठित कुल 16 खण्डपीठों का गठन किया गया है। उन्होंने समस्त पक्षकारों से आग्रह करते हुये कहा है कि वे आज 09 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण करने में सहयोग प्रदान कर नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में अपनी महती भूमिका अदा करें।

# आधारशिला संस्थान की मान्यता रद्द




**दमोह देशबन्धु।** सीआईसीएम के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय लाल द्वारा संचालित आधारशिला संस्थान की मान्यता प्रदेश सरकार ने रद्द कर दी है। दरअसल यह मामला बीते जून महीने का है। जिसमें एक नाबालिक लड़की के साथ की गई छेड़छाड़ से जुड़ा हुआ है। बताते चले की आधारशिला संस्थान में आश्रित एक बच्ची को चेन्नई की एक दंपति ने विधिपूर्वक गोद लिया था। बच्ची के गोद लिए जाने के बाद भी आधारशिला संस्थान में कार्यरत कर्मचारी डेनियल के द्वारा बच्ची को अश्लील मैसेज किए जा रहे थे इस बात की जानकारी जब आश्रित बच्ची के माता-पिता को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत निकटतम थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद बाल संरक्षण आयोग की टीम ने आधारशिला संस्थान में छापामार कार्रवाई करते हुए की गई जांच में डेनियल एवं संस्थान के कामकाज को नियम विरुद्ध मानकर प्रकरण दर्ज कराया था। जिसमें हवाला दिया गया था कि कर्मचारी ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की है। उसके गोदनामा के बाद भी कर्मचारी द्वारा उसे अश्लील महसूस किए जा रहे हैं। इसी तरह की कई अन्य गड़बड़ियां भी आयोग ने निरीक्षण में पाई थी। मध्य प्रदेश शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोर न्याय अधिनियम 2015 के निरंतर उल्लंघन करने के कारण आधारशिला अशासकीय बालक गृह दमोह की मान्यता रद्द कर दी है। बताया जाता है की स्पेशल चाइल्ड और बालिकाओं को यहां बिना मान्यता के रखा गया था। अब यहां निवासरत बालक बालिकाओं को अन्य संस्थाओं में स्थानांतरित किया जाएगा। आधारशिला संस्थान की बहुत सारी शिकायते थी। अधिनियम के उल्लंघन से लेकर करके बच्चों के धर्मांतरण की शिकायत थी। आधारशिला में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग और राज्य बाल संरक्षण आयोग ने दो बार जाकर निरीक्षण और इन सब मामलों की जांच की थी। जिन कारणों से संस्था के मान्यता का नवीनीकरण नहीं किया गया है। दत्तक परिवार के द्वारा की गई पॉक्सो एक्ट में शिकायत के बाद संस्था स्वयं शिकायतकर्ता बन गई थी। जबकि संस्था स्वयं में दोषी थी।

**संस्थान की भूमिका:** बाल संरक्षण आयोग ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि कर्मचारी डेनियल को मामला सामने आने के बाद कम से निकलना और उसकी फरार होने में संस्थान की भूमिका संदेहास्पद है। जबकि संस्थान को चाहिए था कि वह मामला संज्ञान में आने के बाद तुरंत ही उसे पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे पुलिस के हवाले करते।

# चुनाव के प्रशिक्षण को गंभीरता से ले : अग्रवाल



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में चुनाव प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि सभी ई.व्ही.एम. को कनेक्ट करके और चलाकर जरूर देखे। अग्रवाल ने विभन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा प्रशिक्षण गंभीरता से ले। उन्होंने कहा कोई बात समझ मे न आने पर जरूर पूछे। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी मुकेश द्विवेदी, नदीम हसन, आलोक सोनवलकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कक्ष में मास्टर ट्रेनर ए.के. सिंह, माधव पटेल, दिनेश प्यासी, प्रेमलता उपाध्याय व जय कुमार जैन ने सभी कर्मचारियों को चुनाव की सभी बारीकियों से परिचित कराया।

# जबेरा की ग्राम पंचायत भजिया में 4 ट्रांसफार्मर खराब बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामवासी



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने निरीक्षण के दौरान गांव के लोगों की समस्या सुनते हुए गांव के फग्गूराम यादव, शिव कुमार, सरमन यादव, मगन यादव, पूर्व सरपंच नारान यादव ने बताया कि पूरे गांव में चार ट्रांसफार्मर खराब है कुछ ट्रांसफार्मर एक माह से खराब है कुछ 25 दिन से और एक ट्रांसफार्मर से तो किसानों की सिंचाई होती है वह भी रुकी हुई है समय पर सिंचाई न होने कारण किसानों की फसलें भी सूख रही हैं ग्राम वासियों ने विद्युत विभाग जबेरा के अधिकारियों को खराब ट्रांसफार्मरों की जानकारी दी थी लेकिन वह लोग आज कल में रखवा दूंगा कहके बात को टाल देते हैं गांव के लोगों ने कहा कि अगर समय पर हमारे गांव के ट्रांसफार्मर नहीं रखे गए तो बिजली ऑफिस के सामने उग्र धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी पूरी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## कांग्रेस के समाज कल्याण प्रकोष्ठ की हुई बैठक



**दमोह देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कार्यालय में समाज कल्याण के प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डी.पी. पटेल द्वारा नवीन कार्यकारणी की बैठक हुई। जिसके सभी पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि इस प्रकोष्ठ ने सबसे बेहतरीन कार्य किया है कई विभागों से संबंधित रिटायर व्यक्ति जो समाज के लिये कुछ करना चाहते है उन्होंने आज कांग्रेस पार्टी से जुड़कर समाज के नवनिर्माण का संकल्प लिया है। विधायक अजय टंडन ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिये समाज में आज भी फैली कई कुरीतियों को दूर करने के लिये ही प्रकोष्ठ का गठन किया गया हैं और कमलनाथ ने कहा है कि सरकार बनते ही पेंशन की बहाली करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कोमल अहिरवार, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डी.पी. पटेल ने भी कहा कि उनका प्रयास है कि वरिष्ठ रिटायर कर्मी वह चाहे किसी भी विभाग के हों उन्हें हम संगठन से जोड़कर उनके सुझावो पर अमल करेंगे। संचालन वीरेन्द्र राजपूत ने किया।

# आशा-एएनएम को वायु प्रदूषण को कम करने के उपयोगी उपाय के संबंध में दी जानकारी



दमोह देशबन्धु। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जागरूकता बढ़ाने और कार्य को सुविधाजनक बनाने हेतु स्वच्छ वायु दिवस के रूप में इंटरनेशनल डे ऑफक्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई मनाया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा में आशा एएनएम को वायु प्रदूषण को कम करने के उपयोगी उपाय के संबंध में उन्मुखीकृत किया गया। इस मौके पर सीबीएमओ डॉ. आर.आर. बागरी एवं डीपीएम अनिल कटारया मौजूद रहे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने वायु प्रदूषण को कम करने के संबंध में उपयोगी उपाय के संबंध में एडवाईजरी जारी करते हुए बताया कि जिस हवा में हम प्रतिदिन सांस लेते है उसमें वायु प्रदूषण के कारण कई जहरीले और खतरनाक प्रदूषक भी होते है, जिनका स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक असर होता है। प्रदूषित हवा में मौजूद कणों से लंग कैंसर, हृदय एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, मानसिक रोग, एलर्जी, अस्थमा, गले में खराश जैसी स्वास्थ्य समस्याएं आम है। अतएव वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हम सभी को मिलकर वायु प्रदूषण के नियंत्रण के उपाय अपनाना महत्वपूर्ण है।

# जन्माष्टमी पर कलाकारों ने कार्यक्रम किए प्रस्तुत



**दमोह देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर आयोजित भक्ति पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निज सचिव आर.के. पटले ने स्थानीय मानस भवन में माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने बाहर से आये कलाकारों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। भक्ति पर्व पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गुना से आये दशरथ लाला पारोची एवं उनके साथियों ने भगवान श्रीकृष्ण के भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी। भोपाल से आई प्रीति तिवारी एवं उनके साथी कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का नृत्य के माध्यम से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति के रूप में मुम्बई से आये कलाकार चरणजीत सिंह सौंधी ने अपने साथी कलाकारों के साथ भगवान श्रीकृष्ण के रसमयी भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची ने किया। इस अवसर पर एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार मोहित जैन सहित, कविता बजाज, इंजीनियर मेघ तिवारी, डॉ आलोक सोनवलकर, विपिन चौबे, पार्षद हिमानी पारोचे सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम जनमानस की उपस्थिति रही।

# श्रीदेव राधाकृष्ण मंदिर एक परिवार की 8 पीढ़ियों की अटूट आस्था



**दमोह देशबन्धु।** शहर के धगट चौराहे पर स्थित श्री देव राधाकृष्ण मंदिर में स्थापित भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमाएं धर्म और आस्था की अनूठी मिसाल बनी हुई हैं। इस वर्ष इस देवालय में श्रद्धा के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पूजा अर्चना के अनेक आयोजन परंपरागत उत्साह और भक्तिभाव से संपन्न हुए। मंदिर परिसर में अंकित दमोह के धगट परिवार की बारह पीढ़ियों का वंश वृक्षावली यहाँ आये श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करती रही है। अब इस परिवार की तेरहवीं पीढ़ी के वंशज भी जन्म ले चुके हैं। मंदिर में विराजे भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमाओं को लेकर इस परिवार की अटूट आस्था है। धगट परिवार जन बताते हैं कि गुजराती ब्राह्मण मूल के उनके पूर्वज 1857 की क्रांति से पहले सन 1825 के करीब दमोह आये। स्वाभाव से धार्मिक इनके एक पूर्वज पंडित देव शंकर जी धगट दंपत्ति को संतान-सुख नहीं था। रुकी हुई वंश वृद्धि से दुरूखी दंपत्ति ने वाराणसी से दमोह आये एक सिद्ध संत की प्रेरणा से देव राधाकृष्ण को अपना इष्ट बनाकर समर्पण से उनकी भक्ति की। देव-कृपा से उनकी वंश वृद्धि हुई। परिवार के वंशजों ने पहले दमोह में कृषि और सराफे में रुचि ली। सामाजिक- राजनीतिक क्षेत्रों में अपना मुकाम बनाया। इसी वंश-वृक्ष से निकले अनेक वंशजों ने दमोह से बाहर निकल कर देश-दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में यश अर्जित किया और प्रतिष्ठा पूर्ण स्थान बनाया। परिवार की उनके इष्ट देवता की कृपा पर अगाध आस्था की परम्परा लगभग 163 वर्ष के बाद भी अखंडित है। यह श्रद्धा हर साल की जन्माष्टमी को इस मंदिर में देश के विभिन्न शहरों से यहाँ एकत्र होने वाले धगट परिवारजनों की सामूहिक उपस्थिति से व्यक्त होती रही है। इस जन्माष्टमी पर देव राधाकृष्ण मंदिर में पंडित महेश पाण्डेय के आचार्यत्व में प्रात: काल पूजन अभिषेक से आरम्भ हुए धार्मिक आयोजनों में उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश,जबलपुर के जस्टिस विशाल धगट, अनेक अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रबंध मंडलों निदेशक इंजिनियर अजय कुमार धगट, श्री कृष्ण विश्वविद्यालय, छतरपुर के वाइस चांसलर-वित्त प्रबंधन गुरु डॉ.अनिल धगट सहित अनेक धगट परिवार जन और शहर के प्रतिष्ठित नागरिक श्रद्धालु शामिल हुए।

## हिंदू जागरण मंच ने सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेताओं का किया पुतला दहन



**दमोह देशबन्धु।** सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले डी.एम.के के नेता उदय निधि स्टालिन, के राजा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का हिंदू जागरण मंच ने किया पुतला दहन। लगातार सनातन धर्म पर हो रही राजनीति के बीच बार-बार नए नए बने संगठन इंडिया के नेताओं द्वारा सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना जैसी गंभीर बीमारी की तरह बताकर सनातन धर्म का अंत करने की सार्वजनिक मंच से हो रही है, इस माह गठबंधन के नेताओं द्वारा सनातन संस्कृति का अंत करने की बात करने वाले नेताओं के खिलाफहिंदू जागरण मंच जिला दमोह ने जोरदार प्रदर्शन किया, इस प्रदर्शन में डीएमके के नेता उदय निधि स्टालिन, 2.जीरो स्पेक्ट्रम घोटाले के आरोपी रहे राजा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन किया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पर जोरदार नारेबाजी करते हुए सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले महागठबंधन के नेताओं के खिलाफविरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन करने में हिंदू जागरण मंच के समस्त कार्यकर्ता रहे।

## मटकी फोड़ का किया आयोजन

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी में गुरुवार रात कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।नगर के जगदीश मंदिर, सत्यनारायणमंदिर सहित अन्य जगहों पर बड़ी संख्या में कृष्ण भक्त एकजुट हुए और भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। वही नगर के आजाद वार्ड में बच्चों की टोली ने मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मटकी फोड़ने के लिए पिरामिड बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। देर रात मटकी फोड़ का कार्यक्रम संपन्न हो पाया। मटकी फोड़ के कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि की प्रार्थना की गई। मटकी फोड़ के कार्यक्रम में विशेष रूप से वार्ड की महिलाओं एवं युवाओं का सहयोग रहा।

### स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में हुआ कार्यक्रम

# कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाएं: डॉ.चौधरी



**रायसेन, देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सांची जनपद के ग्राम कुल्हाडिया, आमखेड़ा तथा रायसेन स्थित तितली पार्क में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका पहनाकर, साड़ी और पानी की बॉटल प्रदान की गईं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहन तेंदूपत्ता इकठ्ठा करने के लिए सुबह-सुबह जल्दी ही जंगलों में नंगे पाव चले जाते हैं। तेंदूपत्ता इकठ्ठा कर दोपहर में घर आते हैं, फिर गिड्डी बनाते है और शाम तक फड़ पर जाकर जमा करते हैं। नंगे पांव होने की वजह से तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैरों में कांटे चुभने एवं छाले पड़ने सहित अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सभी कठिनाईयों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना शुरू की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि वह स्वयं भी अपने बचपन में सुबह 04 बजे उठकर तेंदूपत्ता तोड़ने जाते थे। उन्होंने वह सभी कठिनाईयां स्वयं महसूस की है जो तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों को होती हैं। मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों का जीवन सरल बनाने के लिए तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को जूते, चप्पल, साड़ियां, पानी की बॉटल, छाता तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं गांव-गांव जाकर चरण पादुका योजना अंतर्गत सामग्री प्रदाय कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, इलाज, रोजगार, विवाह में सहायता की व्यवस्था की गई है। जो युवा काम सीखना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू की गई है। बहन-बेटियों के सशक्तिकरण के लिए ला?ली बहना योजना शुरू की जिसमें जून महीने से एक हजार रू प्रतिमाह उपलब्ध कराए जा रहे थे और अब प्रतिमाह 1250 रूपए उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 3 हजार रुपए किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया।

वन मंडल अधिकारी सामान्य रायसेन विजय कुमार ने बताया कि वन मंडल रायसेन अंतर्गत कुल 39610 परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं जिनके लिए शासन द्वारा निर्धारित कुल संग्रहको को 200 प्रति छाते के मान से रुपए संग्रहको के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर कर दिए गए हैं। प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को एक जोड़ी जूता, एक जोड़ी चप्पल, एक पानी की बोतल और परिवार की प्रत्येक महिला सदस्यों को साड़ी वितरित की जा रही है। इसके लिए जिला यूनियन रायसेन से 39610 पानी की बोतल, इतनी संख्या में जूते एवं चप्पल तथा 49950 साड़ियां वितरित की जाने का लक्ष्य है। 7 सितम्बर को खरबई समिति से योजना का शुभारंभ किया गया है। 8 सितम्बर को चार स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में 4 हजार से अधिक संग्राहकों द्वारा कार्यक्रम में भागीदारी की गई है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शिक्षा, स्वास्थ्य सबका अधिकार, साक्षरता और स्वास्थ्य को बनाएं अपना हथियार: डोंगरे

**चिचोली, देशबन्धु।** विकास खण्ड चिचोली के दुरस्त और आदिवासी अंचल कहूपानी टाडर चिरापाटला में मलेरिया निरीक्षक पंकज डोंगरे द्वारा नियमित पढ़ाई करने वाले एवं पूर्ण स्वस्थ बच्चों को कॉपी, पेन देकर पुरस्कृत किया। शाला में शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व और अनिवार्यता और आधुनिक युग के आवश्यकता अनुसार डिजिटल शिक्षा की आवश्यकता पर भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर आशा पर्यवेक्षिका रजनी प्रजापति, आशा कार्यकर्ता ग्राम कहूपानी मनीषा उपस्थित और सहयोगी रही। डोंगरे ने भारत रत्न भीम राव अंबेडकर के द्वारा दिये गए विचार कलम की ताकत को पहचानिए और अपनी जिंदगी से अंधकार को मिटाइए और शिक्षा शेरनी का दूध है जो भी पियेगा दहाड़ेगा जैसे विचारों से अवगत कराया। साक्षरता प्रसार प्रचार की दिशा में पहल की गई। विश्व साक्षरता दिवस पर कॉपी, पेन और जानकारी पाकर बच्चों द्वारा स्वास्थ टीम के लिए प्रसन्नता जाहिर कर धन्यवाद दिया।

## अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बैतूल, देशबन्धु।** 8 वर्ष पहले अपहृत बालक के अपहरणकर्ताओं को सांईखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय बैतूल के समक्ष पेश किया। गौरतलब है कि थाना सांईखेड़ा में धारा 363 भादवि के अपहृत राजेश पिता साधू धुर्वे उम्र 19 साल निवासी नया बाडेगांव थाना साईखेड़ा को प्राप्त सूचना के आधार पर 27 अगस्त 2023 को थाना भांडेर जिला दतिया से दस्तयाब कर उसे उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया था। अपहृत के कथनों के आधार पर मामले में आरोपी गुड्डू सोलंकी, दीपक सोलंकी दोनों निवासी पुराना बाडेगांव एवं सुनीता बदरेठिया एवं सियाशरण बदरेठिया दोनों निवासी सालोन बी, थाना पंडोखर, जिला दतिया के विरूद्ध मामले में धारा 365, 368, 370, 120बी, 75 जे.जे. एक्ट एवं 3(2)(वीए) एसटी/एससी एक्ट का इजाफा कर मामले की विवेचना की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बैतूल के मार्गदर्शन में मामले के उक्त चारों आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार उनके निवास स्थानों पर दबिश दी जा रही थी एवं मुखबिर सक्रिय किए गए थे। रक्षाबंधन / जन्माष्टमी त्यौहार के समय मामले के आरोपी सियाशरण धाकड़ एवं सुनीताबाई धाकड नि. सालोन बी, थाना पंडोखर, जिला दतिया की अपने भाई गुड्डू सोलंकी के घर ग्राम बाडेगांव में त्यौहार मनाने आने की मुखबिर से मिली सूचना पर मामले के चारों आरोपियों गुड्डू सोलंकी, दीपक सोलंकी दोनों निवासी पुराना बाडेगांव एवं सुनीता बदरेठिया एवं सियाशरण बदरेठिया दोनों निवासी सालोन बी, थाना पंडोखर, जिला दतिया को 8 सितंबर 2023 को गिरफ्तार कर चारों को विशेष न्यायालय बैतूल पेश किया गया हैं।

# नारद जी की संगति में वाल्मीकि भी ब्रह्म को पा जाते हैं, हनुमान जी की संगति में विभीषण प्रभु राम को पा जाते हैं: पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री




**खुरई, देशबन्धु।** बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने कथा के समापन दिवस का आरंभ खुरई की सड़कों पर मिले प्रेम और आत्मीयता का गुणगान करते हुए किया। उन्होंने रामचरितमानस की एक ही चौपाई पर तीसरे दिन भी कथा जारी रखी और कथा संगति के महत्व की व्याख्या करते हुए मर्म तक पहुंच गई। पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने कहा कथा के मुख्य यजमान भूपेंद्र सिंह ने मुझसे एक दिन आग्रह किया था कि गुरु जी आपको एक दिन खुरई के बीच से निकलना है और आज मैंने उनका आग्रह पूरा किया तो क्या आनंदपूर्ण अनुभव हुआ है कि मैं पूरे जीवन भूल नहीं सकता। ऐसा आत्मीय भाव, ऐसा अभिनंदन, ऐसी चमक मेरे पागलों के चेहरों पर, ऐसा आस्था का महाकुंभ खुरई में देखने को मिला कि मन पर छाप छूट गई। ऐसा पहले कभी देखने नहीं मिला। साधो जी सीताराम के जयघोष के साथ पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने कहा कि तुम सभी को वह चौपाई याद हो गई होगी जिसे मैं समझा रहा हूं तीन दिन से सो सब तव प्रताप रघुराई, नाथ न खछु मोरी प्रभुताई।।

हनुमान जी का प्रताप क्या है जिसका श्रेय वे पूछने पर भी स्वयं नहीं लेते और कहते हैं कि प्रभु श्री राम के चरित्र को सुनने, गाने को इसका श्रेय देते हैं। हनुमान जी कहते हैं कि इसका परिणाम यह हुआ कि प्रभु अब हृदय में विराजमान हो गये हैं। भगवान राम उसी के हृदय में बैठते हैं जो प्रभु के चरणों में बैठता है। रावण लंका जलाना, प्रभु राम के नाम की पताका फहराना, माता सीता की खबर लाना सब प्रभु के चरित्र को अपने भीतर उतार लेने के कारण संभव हुआ। कोई साधु की संगति आपके जीवन में हो जाए तो वह संत सीधे भगवंत से मिला देने का काम करता है। मूर्ख भी सद्संगत पाकर सुधर जाता है और सज्जन भी कुसंग से कुमार्ग पर उतर जाता है। जिनके माथे पर टीका और गले में प्रभु राम की माला हो उसकी संगत करो। माता कैकेयी प्रभु राम से बहुत प्रेम करती थीं पर मंथरा की संगति में बिगड़ गईं और हनुमान जी की संगति में आकर विभीषण भी प्रभु को पा गये। जैसी संगत वैसी रंगत यह कहावत असत्य नहीं है। उन्होंने पुष्प उद्यान के भंवरे से गंदगी के कीड़े की मित्रता की सुंदर कथा सुनाते हुए बताया कि भंवरे की संगत में नाली का कीड़ा भी कमल की पंखुड़ी से भगवान शिव के शीश पर पहुंचा और वहां से गंगा के प्रवाह में तिर गया। वाल्मीकि जी के जीवन में तो अंधेरा ही अंधेरा था। लेकिन संगति से क्या हुआ, उलटा नाभम जपहूं जग जाना, वाल्मीकि भये ब्रह्म समाना। आदि कवि वाल्मीकि से नारद जी मिले तो उन्होंने कहा राम राम कहो। वाल्मीकि जी मरा मरा कह जप पाए तो भी भगवान राम को पा गये। कथा में मुख्य यजमान मंत्री भूपेंद्र सिंह, सरोज सिंह, अबिराज सिंह, लखन सिंह परिजनों सहित उपस्थित थे। कई जनप्रतिनिधि बाहर व नगर से कथा श्रवण हेतु पधारे।

## दर्शन देने निकले पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, सड़कों पर जनसमुद्र उमड़ा, सड़कें फूलों से पट गई



खुरई के लिए एतिहासिक दिन था, बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री जब अपनी अन्नपूर्णा नगरी के उनके ही शब्दों में पागलों को दर्शन देने निकले तो जन समुद्र सड़कों पर उमड़ पड़ा। लोग घरों से निकल कर उनके वाहन की आरतियां कर रहे थे। फूलों की वर्षा कर रहे थे। सभी वार्डों की भजन मंडलियां झांझ मजीरों से बागेश्वर धाम की सवारी का स्वागत कर रहे थे। अपने निवास केके पैलेस की टैरेस से जनसमुदाय को दर्शन देकर बागेश्वर सरकार बायपास से रेलवे स्टेशन चौराहे तक पहुंचे। यहां से वे छतरी वाले रथ में बैठे। उनके साथ मंत्री भूपेंद्र सिंह भी थे। यहां से जनज्वार उमड़ना आरंभ हुआ जो बढ़ता ही चला गया। परसा चौराहा, झंडा चौक, महाकाली शेड से सागर नाका तक की सड़क श्रद्धालुओं द्वारा बरसाये गए फूलों से पट गई। अपनी चिर-परिचित बाल सुलभ मुद्रा में लोगों को आशीर्वाद दिया जनता का स्नेह और प्रेम स्वीकार किए। ज्यादातर घरों से परिवार निकल कर पूजा की थालियां लेकर उनका पूजन कर रहे थे। यह खुरई के लिए एतिहासिक और अविस्मरणीय क्षण थे। लोग जिनके आकर्षण में बंधे उनकी एक झलक पाने को बेताब रहते हैं वे स्वयं आज उनके द्वार पर उपस्थित हो रहे थे। शोभायात्रा का समापन सागर नाका में हुआ।

## आप जन जन तक पहुंचाएगी आप का ग्यारण्टी कार्डः जगतार सिंह



**सागर, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी और पंजाब विधानसभा के विधायक जगतार सिंह दयालपुर के सागर आगमन पर प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जगतार सिंह ने बताया कि मप्र के लोग मप्र में आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते है। मप्र के वासियों के लिये जो ग्यारण्टी आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जारी की हैं वह शीघ्र ही प्रत्येक घरों में आप के साथी पहुंचाएंगे तथा पार्टी की नीतियों को बताएंगे साथ में आप की दिल्ली और पंजाब के किये गये कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगें। मप्र कर्ज में डूबा हुआ है प्रदेश में आप की सरकार बनने पर प्रदेश को कर्ज से बाहर निकाला जाएगा तथा जनता के लिये पार्टी द्वारा जो ग्यारण्टी दी गई है उन्हें पूरा किया जाएगा। प्रेस वार्ता को प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. धरणेंद्र जैन, जिला प्रवक्ता अमर चौधरी, एड. रामदास राज, एड. राजेन्द्र जैन ने भी संबोधित किया। प्रेस वार्ता के बाद पचास से अधिक लोगो ने जगतार सिंह के समक्ष आप की सदस्यता ली।

## जैन मिलन की बैठक संपन्न



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 की मासिक बैठक का आयोजन सुरेश जैन अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसके विशिष्ट अतिथि वीर डालचंद जैन राष्ट्रीय सदस्य भारतीय जैन मिलन थे। बैठक की शुरुआत महावीर प्रार्थना के साथ प्रारंभ की गई। वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही एवं इस बैठक एजेंडा से सबको अवगत कराते हुए एजेंडा बार चर्चा की गई। सर्वप्रथम दसलक्षण महापर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भव्यभजन प्रतियोगिता फैंसी प्रतियोगिता एवं दसधर्मो पर तात्कालिक प्रतियोगिता करने का निर्णय लिया गया एवं मंदिर वार दिनांक वार कार्यक्रम शीघ्र ही बनकर अमल में लाने की कार्यवाही की जावे। दूसरे बिंदु पर सम्मान समारोह की चर्चा हुई जिसमें शिक्षक सम्मान, इंजीनियर सम्मान, डॉक्टर सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, वरिष्ठ ऑफिसर सम्मान पर चर्चा हुई एवं अनुकूलता अनुसार मुनिश्री सुदत्तसागर ससंघ एवं आर्यिका अकम्पमति माताजी ससंघ के सानिध्य में कराने का निर्णय लिया गया। यूपीएससी एवं पीएसी में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान, मकरोनिया क्षेत्र के मंदिरों में जो जैन पाठशालाएं संचालित हैं उसमें कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान बडे ही धूमधाम से भव्यता पूर्वक करने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त दसलक्षण पर्व के पश्चात सामूहिक तीर्थ वंदना चंद्रगिरी डोंगरगढ़ एवं दूसरी यात्रा थोबनजी चंदेरी गोलाकोट आदि की तीर्थ वंदना करने का निर्णय लिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु रविंद्र जैन को संयोजक एवं राजेश जैन प्राचार्य को तीर्थ वंदना का संयोजक बनाया गया। सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन ने जैन पंचायत मकरोनिया के गठन के संबंध में उपस्थित सदस्यों से चर्चा की एवं कहा कि मकरोनिया क्षेत्र बहुत बड़ा हो चुका है तथा अपना अलग से अस्तित्व पहचान हेतु मकरोनिया क्षेत्र की अलग जैन पंचायत का गठन करना चाहिए। इस हेतु निर्णय लिया कि पूरे जैन समाज मकरोनिया की बैठक आयोजित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## सार-समाचार

### कृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह का देवेंद्र तोमर ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं नरयावली विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस के प्रबल दावेदार देवेंद्र तोमर के नेतृत्व में नरयावली विधानसभा क्षेत्र के सदर में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर चल समारोह का स्वागत किया गया। चल समारोह का देवेंद्र तोमर के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र के सदर स्थित शनि मंदिर पर पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया। तोमर ने सभी क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं प्रेषित की, चल समारोह में विभिन्न झांकियां बनाई गई एवं अखाड़ों ने प्रदर्शन किया। स्वागत करने वालों में अजय वैद्य, मनोहर चौबे, यश तोमर, इरफान पठान आदि शामिल थे।

### कृष्णा जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के सदर बाजार में यादव समाज द्वारा निकाली गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर शोभायात्रा का स्वागत जिला ग्रामीण सेवादल व शहर सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव, सिंटू कटारे के द्वारा सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष आनंद हेला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सम्मिलित श्रृद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गयी। कार्यक्रम में प्रदीप गुप्ता, अरविंद सिंह ठाकुर, राजेश उपाध्याय, बृजेन्द्र नगरिया, सुनील ठाकुर, अब्दुल खलील बंजारा, रवि नाथ बाबा, लल्ला यादव, अंकुर यादव आदि सेवादल के सदस्य उपस्थित रहे।

### पटवारी संघ ने रक्त दान किया




**सागर, देशबन्धु।** प्रांतीय आह्वान पर 28 अगस्त से लगातार चल रही मप्र पटवारी संघ शाखा सागर द्वारा 6 सितम्बर को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा के बाद 8सितम्बर को रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमे पटवारियों द्वारा 25 यूनिट रक्त दान किया गया इससे पूर्व में पटवारियों द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ और सुंदर काण्ड का पाठ भी कराया था। रक्त दान करने वालो में सागर जिले के 25 पटवारियों द्वारा रक्त दान किया गया।

### 40 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किये, 6 पशुओं को जप्तकर गौशाला भेजा

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में विभिन्न डेयरियों के 40 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किये जिनमें बलवंत सिंह ठाकुर इतवारी वार्ड के 10 पशु बिहारीपुरा, नीलेश यादव राजीवनगर वार्ड के 12 पशु बम्हेरी गांव, लोकमन ठाकुर शास्त्री वार्ड के 12 पशु डेयरी विस्थापन स्थल रतौना हफसिली एवं काकागंज वार्ड से 6 पशुओं को जप्तकर गौशाला भेजा गया। कार्यवाही के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत वार्डो में निकाली जाएगी अमृत कलश यात्रा

### निगमायुक्त ने यात्रा की तैयारियो को लेकर अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश




**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने निगम अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेकर शासन के निर्देश के परिपालन में 12 सितंबर से 27 सितंबर तक क्रमानुसार नगर के समस्त वार्ड में निकाली जाने वाली अमृत कलश यात्रा की तैयारियो को लेकर अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि हर वार्ड में गरिमापूर्ण तरीके से यात्रा निकाली जाए और कलश में मिट्टी या चावल एकत्र किये जाए वार्ड में निकलने वाली यात्राओं का नेतृत्व संबंधित वार्ड पार्षद करेंगे इसके लिए समस्त कर संग्राहक सफाई दरोगा और जोन प्रभारी तथा संबंधित वाड इंजीनियर अभी से पार्षद से संपर्क कर ले और उनके साथ बैठक कर वार्ड में यात्रा का रूट चार्ट बना ले, साथ ही साथ वार्ड के जनप्रतिनिधियों, नागरिक, स्कूल और अन्य सामाजिक संस्थाओं से संपर्क कर, उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। वार्ड में यात्रा के पश्चात अमृत कलशो को 4 अक्टूबर को अटल पार्क में लाया जायेगा। शासन के निर्देश अनुसार 1 से 30 सितंबर तक नगर के वार्ड पार्षदों जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, महिला स्व सहायता समूह और स्कूलों के सहयोग से समस्त वार्डों में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, यात्रा के दौरान वार्ड में घर-घर से मिट्टी और चावल अमृत कलश में एकत्रित किया जाएंगे और जनता को पच प्रण शपथ दिलाई जाएगी। 12 दिनों में नगर के संपूर्ण 48 वार्ड कवर किये जाएंगे। अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ 12 सितंबर को डॉ. हरिसिंह गौर वार्ड से किया जाएगा तथा समापन 27 सितंबर को अंबेडकर वार्ड में होगा।

अटल पार्क में 4 अक्टूबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी वार्ड एवं जिले के अन्य नगरीय निकाय से एकत्रित किए गए मिट्टी चावल को कलश के रूप में रैली के रूप में लाकर स्थापित किया जाएगा। बैठक में सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरु, विजय दुबे, विक्रम जैन, ब्रजेश तिवारी, गौरव सिंह राजपूत सहित जोन प्रभारी, सफाई दरोगा, कर संग्राहक उपस्थित थे।

## आध्यात्मिक ज्ञान हमें संसार से पार लगाता है, ज्ञान जीवन में जरूरी: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** राक्षस नहीं, साक्षर बनो। शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती। जैन समाज में साक्षरता 100 प्रतिशत है। आज मनुष्य साक्षर बनकर भी राक्षस जैसे मांसाहार, लूट, खसोट, बलात्कार, भ्रष्टाचार आदि कार्य कर दानव बन रहा है यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन सभा में कही। मुनिश्री ने कहा शिक्षा बच्चे, बड़े, बुजुर्ग किसी से भी प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञान जीवन में जरूरी है। आज भौतिक ज्ञान के पीछे सब भाग रहे हैंए परंतु आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति झुकाव बहुत कम है। आध्यात्मिक ज्ञान हमें संसार से पार लगाता है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा की 19 सितंबर से शुरू होने जा रहे पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है, अपने जीवन में परिवर्तन की तैयारी भी शुरू कर दो। भीतर से खाली होने का प्रयास करो तभी कुछ भर पाओगे। दस दिन में इतना त्याग, धर्म, दान, पूजा, स्वाध्याय, व्रत, उपवास और परिणाम की निर्मलता बढ़ानी है। बैटरी चार्ज करने के दिन है। बुराइयों को खाली करो, बस यही कहने पर्यूषण पर्व पर आ रहे हैं। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि मकरोनिया क्षेत्र के शिक्षको का सम्मान समारोह का कार्यक्रम मुनिसंघ के मंगल सानिध्य में भारतीय जैन संघटना मकरोनिया चैप्टर के द्वारा कल रविवार को दोपहर 1 बजे से श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी से रखा गया है।

## मेरी बिहनें मेरी ताकत है, उनकी रक्षा के लिये मैं सदैव तत्पर हूं: शैलेन्द्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी के अवसर पर लाड़ली बहिना उत्सव का आयोजन निज निवास पर किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकायें और आशा कार्यकर्ता बहिनें सम्मिलित हुई। अनुश्री जैन ने संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी बहिनें यहां आयी यह देखकर मन अति प्रसन्न है। मैं आप सभी को धन्यवाद देती हूं कि हमारे प्रत्येक कार्य में कदम से कदम मिलाकर साथ देती है, हम जो कुछ भी अच्छा कर पाते है वह केवल आपके ही सहयोग से ही संभव है। मैं आप सभी को हमारे परिवार की ओर से रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की शुभकामनायें देती हूं। ईश्वर से यही कामना करती हूं कि आप सभी बहिनें सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे, आपका साथ हमेशा बना रहे। विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि आज मेरे लिये यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि आज मैं अपनी लाड़ली बहिनों को अपने घर आमंत्रित कर पाया। इतनी बड़ी संख्या में बहिनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर हमे गौरांवित किया है। मैंने आपकी हिम्मत और साहस को हमेशा सर्वोपरी माना है और जरूरत पड़ने पर हर कदम आपके साथ खड़ा रहा हूं। भविष्य में भी जहां कही भी आपको मेरी आवश्यकता होगी मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। आप सभी बहिनों को रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी के पवित्र पर्व की शुभकामनायें आपका यह स्नेह हम पर सदैव बना रहे, ईश्वर से यही कामना करती हूं। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी, जिला अंत्योदय समिति अध्यक्ष प्रतिभा चौबे, नगर निगम एमआईसी सदस्य मेघा दुबे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मप्र संघ की प्रदेश सचिव लीला शर्मा, परियोजना अधिकारी साधना खटीक, सोनम नामदेव सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकायें और आशा कार्यकर्ता बहिनें उपस्थित रही।

## निगम आयुक्त ने पशु विचरण क्षेत्र सागर से बाहर शेष डेयरियों को शिफ्ट करने समीक्षा बैठक ली

सागर, देशबन्धु। नगर निगम द्वारा पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेयरी विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में सभी जोन प्रभारी, कर संग्राहक एवं वार्ड दरोगाओं की बैठक लेकर शहर के विभिन्न वार्डों में शेष रह गयी डेरियों की जानकारी ली। सहा. आयुक्त राजेश सिंह ने शेष रह गई डेयरियों की जानकारी देते हुये बताया कि कुल डेयरियों के 487 पशु शेष है जिनमें शुक्रवार को हुई कार्यवाही के तहत् 40 पशु शहर से बाहर शिफ्ट किये गये। अब 457 पशु शेष है जिन्हें शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त ने सभी जोन प्रभारियों, करसंग्राहकों एवं वार्ड दरोगाओं को निर्देश दिये है कि अपने-अपने जोन अंतर्गत वार्डो में शेष रह गयी डेयरियों को जल्दी से जल्दी शहर से बाहर करवाने की कार्यवाही करें, कार्य में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित जोन प्रभारी एवं करसंग्राहक एवं वार्ड दरोगाओं के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, जिन-जिन डेयरी संचालकों का कार्य डेयरी विस्थापन स्थल रतौना हफसिली में चल रहा है उनकी डेयरियां भी जल्दी से जल्दी बाहर कराने की कार्यवाही करें। जो डेयरी संचालक बार-बार हिदायत देने के बाबजूद भी अपनी डेयरियों को शहर से बाहर नहीं ले जा रहे है, उनकी डेयरियां भी पुलिस बल के साथ शहर से बाहर शिफ्ट करायें तथा पशु विचरण मुक्त क्षेत्र में डेयरियां पाये जाने पर संबंधित डेयरी संचालक के विरूद्ध धारा 133 के तहत् नगर दण्डाधिकारी के समक्ष कार्यवाही प्रस्तावित करें। इसके साथ ही उन्होने शहर के मुख्य मार्गो पर पशुओं के विचरण करते हुये पाये जाने पर पशुओं के जप्तकर जुर्माना करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने कहा कि 3 दिवस के पश्चात् की गई कार्यवाही की पुनः समीक्षा की जायेगी, समीक्षा बैठक में सभी जोन प्रभारी, वार्ड दरोगा एवं करसंग्राहक अपने-अपने वार्डो की जानकारी के साथ उपस्थित होंगे।

## शोभायात्रा का कांग्रेस की प्रदेश महासचिव ने फूल बरसाकर किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** महान कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर सदर के यादव समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का कांग्रेस की प्रदेश महासचिव व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा चौधरी ने फूल बरसाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के संदेश पर चलकर अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का आव्हान किया। भगवान श्री कृष्ण ने सम्पूर्ण मानव जाति को न्याय, अधिकार और प्रेम के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। उनके इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए समाज फैलने वाले अन्याय अत्याचारों व सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का सभी मिलकर संकल्प लें। किया व यात्रा पर फूल बरसाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत आज बकाया जलकर और संपत्ति कर को जमा करने निगम कार्यालय के काउंटर खुले रहेंगे

**सागर, देशबन्धु।** शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में नगर निगम के जल कर और संपत्ति कर के बकाया करों के अधिभार में शासन के नियम अनुसार छूट प्रदान की जाएगी, जिसे उपभोक्ता निगम कार्यालय में बने नगर निगम के केस काउंटर पर भी जमा कर सकते हैं, इसलिए जनता की सुविधा को देखते हुए नगर निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने शनिवार को अवकाश के दिन में भी निगम के केस काउंटर खुले रखने के निर्देश दिए हैं ताकि उपभोक्ता आसानी से अपने बकाया करों को जमा कर शासन के निर्देश अनुसार बकाया करो के अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ ले सके। ज्ञात हो कि नेशनल लोक अदालत के दौरान बकाया निगम करो को जमा करने पर शासन द्वारा नियम अनुसार अधिभार में छुट दी जा रही है जो मात्र लोक अदालत के दिन ही दी जाएगी।

### 25 लाख रुपए से बनेगी यादव समाज की भव्य धर्मशाला

## मुझे विधायक, मंत्री आपने बनाया, इसलिए तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** मुझे विधायक आपने बनाया, आपने ही मंत्री बनाया, ये मेरा वादा है कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा। राहतगढ़ में 25 लाख रुपए की लागत से एक एकड़ भूमि में यादव समाज की धर्म शाला बनाई जाएगी। यह बात मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कही। मंत्री राजपूत राहतगढ़ नगर में जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के पूर्व भव्य चल समारोह का आयोजन यादव समाज द्वारा किया गया। शोभायात्रा में मंत्री राजपूत शामिल हुए। इस अवसर पर यादव समाज के लिए एक एकड़ भूमि पर 25 लाख रुपए की लागत से यादव समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए स्वीकृत करते हुए कहा कि आप भगवान श्री कृष्ण के वंशज है। हमारी यादव समाज के लोग जिनकी शौर्य गाथाओं से इतिहास भरा पड़ा हुआ है। भगवान श्री कृष्ण ने बिना शस्त्र उठाए महाभारत में पांडवों के लिए विजय दिलाई। यह वह समाज है जो अपने संकल्प के लिए जानी जाती है। राजपूत ने कहा की कुछ लोग एक दो महीने की राजनीति करने आते हैं और कुछ 5 साल में आते हैं, लेकिन मैं लगातार आपसे मिलता हूं, मैं आपका पारिवारिक सदस्य हूं। मैं झूठ नहीं बोलता, झूठ बोलकर जाऊंगा कहां। मंत्री राजपूत ने समाज के सभी बुजुर्गजनों का चल समारोह में पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में यादव समाज के तथा राहतगढ़ क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।